कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 307, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 03 दिसंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## 'कांग्रेस की विशेषता चुनाव के समय मोदी का अपमान करना और मतदान के समय ईवीएम का अपमान करना'

# लटकाना, भटकाना कांग्रेस की आदत: मोदी



**अहमदाबाद:** गुजरात में पांच दिसंबर को दूसरे चरण का मतदान होना है। शनिवार को चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है। ऐसे में भाजपा नेता अपनी पार्टी के लिए धुआंधार प्रचार कर रहे हैं। पीएम मोदी भी तूफानी प्रचार में जुटे हैं। मोदी ने शुक्रवार को कांकरेज और पाटन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने विपक्षी पार्टी कांग्रेस को आड़े हाथ लिया। मोदी ने गुरुवार को 50 किमी लंबा रोड शो किया था।

**कांग्रेस ने हार मान ली:** पीएम मोदी ने पाटन में एक जनसभा को संबोधित किया। मोदी ने पाटन में कहा कि कांग्रेस की विशेषता चुनाव के समय मोदी का अपमान करना और मतदान के समय ईवीएम का अपमान करना है। यह इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि कांग्रेस ने इस चुनाव में हार मान ली है। गुजरात के लोगों को बीजेपी पर भरोसा है। मोदी ने आगे कगहा कि गुजरात को विकसित गुजरात बनाने के लिए गुजरात की नारी शक्ति की भूमिका बहुत बड़ी है।



### मोदी के रोड में 10 लाख से ज्यादा लोग हुए शामिल

पीएम मोदी के अहमदाबाद रोड शो में 10 लाख से ज्यादा लोग शामिल हुए थे। सूत्रों ने दावा किया है कि पीएम की देश में सबसे बड़े और लंबे रोड शो में 10 लाख से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। 50 किमी से ज्यादा लंबा रोड शो 14 विधानसभा सीट से होकर गुजरा था। रोड शो के दौरान अहमदाबाद की सड़कों पर महिला, पुरुष, युवा और बच्चों का भारी जनसैलाब उमड़ा, जो देर शाम तक जमा रहा।

पिछले 20 वर्षों में सूखा, बेमौसम, सुजलाम ने सुफलाम के माध्यम से हरी-भरी धरती बनाने का काम किया है। मोदी ने कहा कि लटकाना और भटकाना कांग्रेस की आदत है। कांग्रेस का स्वभाव है कि वह कोई भी ऐसा काम नहीं करती जिसमें उसका अपना हित न दिखाई देता हो। मोदी ने आगे कहा कि भारत की गौ वंश की विरासत हमारी बहुत बड़ी ताकत है। विपरीत परिस्थितियों में भी हमारी कांकरेज की गाय ने अपना स्वभाव बदल लिया है।

**स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनाने का सौभाग्य मिला: मोदी**

मोदी ने सोजित्रा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यही वह भूमि है, जहां सरदार वल्लभभाई पटेल ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार किया। ये मेरा सौभाग्य है कि मुझे दुनिया की सबसे ऊंची स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनाने का सौभाग्य मिला है। मोदी ने कहा कि भाजपा गुजरात के विकास और विकासशील गुजरात के सपने को लेकर निकली है, आपने इसे सील कर दिया है।

# आतंक के खिलाफ मुहिम होगा मजबूत: भारत

**नई दिल्ली:** एक दिसंबर 2022 को जी-20 देशों की अध्यक्षता संभालने के साथ भारत ने कुछ और भी जिम्मेदारी संभाली है। इसमें सबसे प्रमुख संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का दिसंबर, 2022 के लिए अध्यक्ष बनना। भारत अभी यूएनएससी का अस्थाई सदस्य है और इसकी सदस्यता दिसंबर, 2022 में ही समाप्त हो रही है। हर अस्थाई सदस्य को दो बार एक-एक महीने के लिए अध्यक्षता का दायित्व मिलता है। अगस्त, 2021 के बाद अब इस महीने भारत यह दायित्व संभालेगा।

**वासेनार का अध्यक्ष बना भारत:** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बताया कि इस महीने भारत की कोशिश होगी कि वह बहुवादी संस्थानों में सुधार के साथ ही आतंकवाद के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मुहिम को मजबूत बनाने पर काम करे। भारत गुरुवार से वासेनार व्यवस्था का भी अध्यक्ष बन गया है। 42 देशों का यह बेहद प्रतिष्ठित संगठन है जिसमें भारत को दिसंबर, 2017 में ही शामिल किया गया है। यह संगठन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तकनीक हस्तांतरण खास तौर पर हथियारों से संबंधित तकनीक के हस्तांतरण को लेकर पारदर्शी व उत्तरदायी बनाने के उद्देश्य से काम करता है ।



## सैलरी मांगने गए कर्मचारी को पीटा

**मुंबई:** मुंबई में एक स्वीट शॉप के मालिक ने अपने एक कर्मचारी पर हमला कर दिया। पीड़ित कर्मचारी का नाम छोटू है और वह दुकान के मालिक से सैलरी मांगने गया था। हमले के बाद कर्मचारी बुरी तरह से घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपी की पहचान संतोष पासवान और हसुराम चौधरी के रूप में हुई है।

सीसीटीवी में कैद वारदात: घटना का सीसीटीव फुटेज सामने आया है।

# खड़गे बने रह सकते हैं नेता प्रतिपक्ष



**नई दिल्ली:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे राज्यसभा में विपक्ष के नेता के रूप में बने रह सकते हैं, क्योंकि पार्टी ने अभी तक राज्यसभा में उनकी जगह किसी दूसरे को देने का फैसला नहीं किया है। अगर खड़गे दो पद संभातलते हैं तो यह कांग्रेस की 'एक व्यक्ति, एक पद' पॉलिसी का उलट होगा।

**सोनिया गांधी ने बुलाई बैठक:** सोनिया गांधी ने 3 दिसंबर को कांग्रेस संसदीय दल के 'स्ट्रेटेजी ग्रुप' की बैठक बुलाई है। सूत्रों का कहना है कि इसमें सिर्फ खड़गे, जयराम रमेश और केसी वेणुगोपाल को राज्यसभा से बैठक के लिए बुलाया गया है। दिग्विजय सिंह और पी चिदंबरम, जिन्हें राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष की दौड़ में सबसे आगे माना जा रहा है, उन्हें बैठक में आमंत्रित नहीं किया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष पद चुनाव में हुआ 'एक व्यक्ति, एक पद' पॉलिसी का जिक्र अक्टूबर में हुए कांग्रेस अध्यक्ष पद चुनाव में 'एक व्यक्ति, एक पद' पॉलिसी का जिक्र हुआ था। राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत, जो कांग्रेस अध्यक्ष के लिए गांधी परिवार की पहली पसंद थे, वो उस समय सीएम पद को छोड़ने के लिए तैयार नहीं थे। उनके करीबी कांग्रेस विधायकों का कहना था कि यदि गहलोत ने राष्ट्रीय भूमिका निभाई, तो उन्हें राजस्थान में पद छोड़ना पड़ेगा और उनके प्रतिद्वंद्वी सचिन पायलट को वो पद मिल जाएगा, जिस पर उन्हें आपत्ति है।

**राहुल ने कहा- पार्टी अपनी नीति पर कायम रहेगी:** इस पर राहुल गांधी ने साफ कर दिया था कि पार्टी अपनी नीति पर कायम रहेगी।

# डाक्टरों पर हमला चिंताजनक: हाईकोर्ट




**कोच्चि:** केरल हाई कोर्ट ने डाक्टरों पर हो रहे हमले को लेकर चिंता जताई है। केरल उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि इस साल राज्य में डाक्टरों पर हुए हमले के 137 मामले दर्ज किए गए हैं। कोर्ट ने डाक्टरों पर हो रहे हमले को चौंकाने वाला बताते हुए सरकार से सवाल किया। कोर्ट ने पूछा कि राज्य में डाक्टरों की सुरक्षा को लेकर किस प्रकार की कार्रवाई की जा रही है। अदालत ने ऐसे मामले में एक घंटे के अंदर ही प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश भी दिया।

**डाक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का दिया निर्देश:** केरल उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से डाक्टरों पर हो रहे हमले पर उठाए जा रहे कदम के बारे में पुछा तथा अदालत ने सरकार को डाक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। कोर्ट ने पुलिस थाना को निर्देश दिया कि डाक्टरों या कर्मचारियों पर हमला होने के एक घंटे के भीतर ही मामला दर्ज करने को कहा।

## पशुधन विकास, डेयरी व मत्स्य पालन से काफी उम्मीदें

# आम बजट में कृषि से जुड़े उद्यमों को मिलेगी खास तवज्जो

**नई दिल्ली: आगामी वित्त वर्ष 2023-24** के आम बजट में कृषि के अलावा उससे जुड़े अन्य उद्यमों को खास तवज्जो मिल सकती है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के इस दाव से जहां किसानों की आमदनी बढाने में मदद मिलेगी वहीं वैश्विक बाजार में इनके उत्पादों की धमक बनाई जा सकती है। पशुधन विकास, डेयरी और मत्स्य पालन जैसे क्षेत्र की तेज विकास दर के भरोसे समूचे कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता मिल सकता है।

दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश भारत: भारत फिलहाल दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश बन चुका है। विश्व के दुग्ध उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 23 फीसद तक पहुंच चुकी है। वर्ष 1951 में जहां मात्र 1.70 करोड़ टन दूध का उत्पादन होता था, वही वर्ष 2020-21 में बढ़कर 21 करोड़ टन हो चुका है। पिछले एक दशक के दौरान दुग्ध का उत्पादन 12.1 करोड़ टन से बढ़कर 21 करोड़ टन पहुंच गया है। उत्पादन की इस तेज उछाल से जहां कृषि क्षेत्र की विकास दर को तेजी मिली है, वहीं किसानों के जेब में नगदी पहुंचाने में मदद मिली है।



आम बजट में पशुधन और डेयरी क्षेत्र पर विशेष ध्यान: आगामी वित्त वर्ष के आम बजट में पशुधन और डेयरी क्षेत्र में विशेष ध्यान दिए जाने की संभावना है। पशुओं के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए लंपी, खुरपका-मुंहपका जैसे वायरल रोगों के लिए संयुक्त टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। पशु स्वास्थ्य के लिए शुरू की गई मोबाइल चिकित्सा वैन की सफलता के बाद इसकी संख्या को बढ़ाया जा सकता है।

# भारतीय रेलवे का राजस्व 76 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने अप्रैल-नवंबर की अवधि के लिए अपने यात्री खंड के राजस्व में 76 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की है। रेल मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि 1 अप्रैल से 30 नवंबर तक प्रारंभिक आधार पर भारतीय रेलवे की कुल अनुमानित आय 43,324 करोड़ रुपये रही है, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 24,631 करोड़ रुपये की तुलना में 76 प्रतिशत अधिक है।

इसमें कहा गया है कि भारतीय रेलवे ने अनारक्षित यात्री खंड में 155 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि देखी, जबकि आरक्षित यात्री खंड की वृद्धि वर्ष-दर-वर्ष 10 प्रतिशत रही।

आरक्षित यात्रियों के खंड में 1 अप्रैल से 30 नवंबर की अवधि के दौरान बुक किए गए यात्रियों की कुल अनुमानित संख्या 5365 लाख है, जो बीते साल की इसी समयावधि के दौरान 4860 लाख की तुलना में 10 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ती है। आंकड़ों के अनुसार, 1 अप्रैल से 30 नवंबर की अवधि के दौरान आरक्षित यात्री खंड से 34,303 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित हुआ है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान प्राप्त 22,904 करोड़ रुपये की तुलना में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दिखाता है। मंत्रालय ने कहा कि अनारक्षित यात्री खंड में, 1 अप्रैल से 30 नवंबर की अवधि के दौरान बुक किए गए यात्रियों की कुल अनुमानित संख्या 35,273 लाख है। यह संख्या पिछले वर्ष में इसी अवधि के दौरान 13,813 लाख रही थी, जो बीते साल की तुलना में अब 155 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ती है। 1 अप्रैल से 30 नवंबर, 2022 की अवधि में अनारक्षित यात्री खंड से अर्जित राजस्व 9021 करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले साल की समान अवधि के दौरान प्राप्त 1728 करोड़ रुपये की तुलना में 422 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है।

# अग्निवीरों के लिए वैकल्पिक रोजगार तलाशने में जुटी सरकार

**नई दिल्ली:** सेना में चार साल की सेवा के बाद वापस लौटने वाले अग्निवीरों के लिए वैकल्पिक रोजगार की संभावनाएं तलाशने की पहल सरकार ने अभी से शुरू कर दी है। इसके तहत रक्षा मंत्रालय ने निजी क्षेत्र से जुड़ी देश की आधा दर्जन रक्षा उत्पादन कंपनियों के साथ उनके यहां की नौकरियों में अग्निवीरों को विशेष मौका देने को लेकर बातचीत की है। रक्षा मंत्रालय की इस पहल के दौरान इन कंपनियों ने सेना से लौटने वाले अग्निवीरों को वैकल्पिक रोजगार देने को लेकर सकारात्मक संकेत दिए। इसे देखते हुए रक्षा मंत्रालय ने स्वदेशी रक्षा कंपनियों से अपनी नौकरियों में पूर्व अग्निवीरों के लिए विशेष कोटे का प्रावधान करने की नीति बनाने का आग्रह किया है। रक्षा मंत्रालय ने सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स के तत्वावधान में रक्षा कंपनियों की कॉर्पोरेट भर्ती योजना में पूर्व-अग्निवीरों को अवसर देने के लिए इस बातचीत सत्र का आयोजन किया था। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने की अध्यक्षता में हुई इस बैठक के दौरान एलएंडटी, अदाणी डिफेंस लिमिटेड, टाटा एडवांस्ड सिस्टम लिमिटेड, अशोक लेलैंड सहित कई प्रमुख देशी रक्षा कंपनियों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया।



इस दौरान रक्षा सचिव ने राष्ट्र निर्माण में जुटे विभिन्न क्षेत्रों में अत्यधिक समर्पित और अनुशासित युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से तीनों सेनाओं में अपना कार्यकाल पूरा कर बाहर निकलने वाले अग्निवीरों की विशेषज्ञता का लाभ उठाने के लिए कंपनियों को प्रेरित किया। साथ ही इस दिशा में सरकार के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला।

## रिपोर्ट में दावा- नवंबर में 8% हुई बेरोजगारी दर

# गांवों से ज्यादा शहरों में नौकरी की किल्लत

**नई दिल्ली:** भारत में बेरोजगारी दर नवंबर महीने में पिछले तीन महीनों के उच्चतम स्तर 8 प्रतिशत पर पहुंच गया है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन (सीएमआई) की ओर से गुरुवार को जारी रिपोर्ट में यह बात कही गई। रिपोर्ट के अनुसार, शहरी भारत में बेरोजगारी दर ग्रामीण भारत की तुलना में कहीं अधिक है। शहरी भारत में जहां बेरोजगारी दर 8.96 प्रतिशत रही वहीं ग्रामीणा भारत में यह दर 7.55 प्रतिशत रही। इससे पहले अक्तूबर 2022 में शहरी बेरोजगारी दर 7.21 प्रतिशत जबकि ग्रामीण क्षेत्र की बरोजगारी दर 8.04 प्रतिशत रही थी।

**बेरोजगारी के मामले में हरियाणा टॉप पर**



राज्यवार बात करें तो हरियाणा बेरोजगारी दर के मामले में एक बार फिर अव्वल नंबर पर है। जहां यह आंकड़ा नवंबर महीने में 30.6 प्रतिशत दर्ज किया गया। उसके बाद सबसे अधिक बेरोजगारी दर राजस्थान में 24.5 प्रतिशत दर्ज की गई। जम्मू व कश्मीर में बेरोजगारी दर 23.9 प्रतिशत रही। सीएमआईई की रिपोर्ट के अनुसार बिहार में यह 17.3 प्रतिशत जबकि त्रिपुरा में 14.5 प्रतिशत आंकी गई।

छत्तीसगढ़ समेत इन राज्यों का प्रदर्शन रहा बेहतर सबसे कम बेरोजगारी दर के मामले में छत्तीसगढ़ सबसे आगे रहा। जहां बेरोजगारी दर महज 0.1 प्रतिशत रही। नवंबर महीने के दौरान उत्तराखंड में बेरोजगारी दर 1.2 प्रतिशत, ओडिसा में 1.6 प्रतिशत, कर्नाटक में 1.8% जबकि मेघालय में 2.1 प्रतिशत रही।

# मूसेवाला मर्डर का मास्टरमाइंड गोल्डी हिरासत में

**अमृतसर:** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के मर्डर के मास्टरमाइंड गोल्डी बराड़ को अमेरिका के कैलिफोर्निया में हिरासत में ले लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक गोल्डी को 20 नवंबर या इससे पहले डिटेन किया गया। हालांकि अभी तक इसके बारे में कैलिफोर्निया पुलिस ने औपचारिक तौर पर कोई बयान नहीं दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने भारतीय एजेंसियों से बात की है। बताया जा रहा है कि गोल्डी को भारत भेजा जा सकता है। गोल्डी बराड़ के खिलाफ पहले ही 2 पुराने मामलों में रेड कॉर्नर नोटिस जारी हो चुका है। वह कुछ दिन पहले ही कनाडा से राजनीतिक शरण के लिए कैलिफोर्निया भागा था। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने गोल्डी की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि गोल्डी को जल्द भारत लाया जाएगा।



**कैलिफोर्निया की फ्रेसनो सिटी में रह रहा था गोल्डी बराड़:** मूसेवाला के कत्ल के वक्त गोल्डी बराड़ कनाडा में रह रहा था। सिंगर के कत्ल के बाद गोल्डी भारतीय खुफिया एजेंसियों और मूसेवाला के फैंस के निशाने पर आ गया। उसे डर लगा कि कहीं कोई उसके ठिकाने का पता न बता दे। इस वजह से वह कुछ समय पहले कनाडा से अमेरिका के कैलिफोर्निया की फ्रेसनो सिटी भाग निकला था। वहां जाकर उसने 2 वकीलों की मदद से राजनीतिक शरण लेने की भी कोशिश की।

# क्रय-केंद्र पर किसान से की गई मारपीट, दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** सरकारी धान क्रय केंद्र पर धान बेचने के लिए टोकन लेने गए किसान की धान क्रय केंद्र के प्रभारी द्वारा पिटाई करने का मामला सामने आया है।किसान के साथ की गई इस अभद्रता को लेकर किसानों ने नाराजगी जाहिर किया है।पीड़ित किसान के द्वारा क्रय केंद्र प्रभारी के विरुद्ध थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है।जानकारी के मुताबिक बारा तहसील के अंतर्गत जसरा मंडी में स ंचालित खाद्य विभाग के धान क्रय केंद्र पर अपने धान को बेचने के लिए अलग अलग गाँवों के किसान टोकन लेने के लिए क्रय केंद्र पहुँचे थे।आरोप लगाया गया है कि मामूली कहासुनी में धान क्रय केंद्र प्रभारी द्वारा किसानों से अभद्रता की गई।पीड़ित किसान द्वारा की गई शिकायत पर थाना प्रभारी घूरपुर ने मौके पर पुलिस बल को भेजकर जाँच पड़ताल करने का आदेश दिया। पीड़ित किसान रामनरेश का कहना है कि जब वह क्रय केंद्र पर टोकन लेने के लिए पहुँचे, तो उसी समय तैश में आकर धान क्रय केंद्र प्रभारी द्वारा भीड़ देखकर गाली गलौज शुरू कर दिया गया और विरोध करने पर हाथापाई करते हुए मारपीट भी किये। वहाँ पर मौजूद कुछ किसानों द्वारा बीचबचाव कर उन्हें बचा लिया गया।



## जंघई, गोपालापुर विद्युत उपकेंद्र से 48 घंटे से आपूर्ति बंद 5 दर्जन गांवों में अंधेरा कायम

**जंघई।** विद्युत आपूर्ति उपकेंद्र केंद्र जंघई, गोपालापुर उपकेंद्र से सम्बद्ध करीब 60 गांवों में विगत 48 घंटे से बिजली आपूर्ति बंद है। बिजली कर्मचारियों के अनुसार बिजली कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। मछली शहर विद्युत केंद्र से सप्लाई आपूर्ति होती है परंतु 33 हजार वोल्टेज का तार गिर जाने के कारण उपकेंद्रों से सप्लाई आपूर्ति नहीं हो पा रही जब हड़ताल समाप्त होगा तब 33 हजार वोल्टेज तार को ठीक किया जाएगा और सप्लाई आपूर्ति किया जाएगा। सेमरी, असवां, बभनियांव, करौर, गोपालापुर, करकोली, सरायखेम, गरियांव, मुड़ाव, महेंद्रू सहित 60 गांवों में इस समय बिजली आपूर्ति बंद है हजारों ग्रामीणों के पास अंधेरे में रहने के सिवा कोई विकल्प नहीं है। इनवर्टर, मोबाइल, सिंचाई, पढ़ाई, लिखाई सब बंद है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

# खेतों में उर्वरक रसायन का प्रयोग कम से कम करें किसान भाई:सुभाष मौर्य



**अखंड भारत संदेश**

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के बाला प्रसाद कुशवाहा महाविद्यालय बलरामपुर बरेठी में बुधवार को किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में आए हुए अतिथि ने पहले सरस्वती मां का पूजा कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस व पूर्व मंत्री तपेंद्र प्रसाद रहे। जिला कृषि अधिकारी सुभाष मौर्य कहा कि खेतों में रसायनिक उर्वरकों का प्रयोग कम से कम किसान भाई करें जिससे खेती खराब न हो। किसान भाई अपने खेतों का मिट्टी की जांच अवश्य कराते रहें। और किसानो को देसी खादों का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें।इफको के क्षेत्रीय अधिकारी संजय तेवतिया, मुकेश तिवारी, डॉ शिव प्रसाद विश्वकर्मा, डॉ पंकज सिंह, जवाहर सिंह, आदि ने लघु एवं सीमांत किसानों की समस्याओं के बारे में अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के आयोजक डॉ राज अतुल रहे ।संचालन प्रवक्ता राम सजीवन यादव ने किया। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ निधि सक्सेना, सुनैना त्रिपाठी, महेंद्र सिंह, जवाहरलाल सिंह और डॉ राज अतुल ने आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

# नैनी छिवकी गांव में समाजसेवी ने पुलिया का काम करवाया

**अखंड भारत संदेश**



**नैनी।** छिवकी गांव में नगर निगम होने के बावजूद भी कोई काम नहीं हो रहा है वही गांव वाले के परेशानी को देखते हुए समाजसेवी धीरज भारतीय अपने से बीड़ा उठाया हम लोग मिलकर काम करेंगे हम आपको बताते चलें कि गांव के मुख्य मार्ग पर पुलिया ना होने से गांव वाले को आने जाने में काफी दिक्कत होती थी वही लोगों का घर का पानी जमा रहता था गांव वाले के दिक्कत को देखते हुए समाजसेवी धीरज भारतीय ने गांव में मुख्य मार्ग बनवाया वही धीरज भारतीय ने बताया कि गांव में नियमित सफाई न कराए जाने से जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ था जिसके चलते गांव के लोगों ने कहा कि हर गांव में आबादी हजारों की है गांव में नियमित सफाई के अभाव में जगह-जगह कूड़े व गंदे पानी सड़क पर बह रहे हैं मौजूद लोगों में राजन भारतीय, राम अभिलाष, शनि भारतीय, बबलू तिवारी, मदन भारतीय,मिथुन, संजू, नन्हें, सिपाही लाल, राजन चौधरी, शामिल रहे।

# नगर निगम की आरक्षण सूची जारी,100 में 33 सीटों पर महिलाओं को मिलेगा मौका



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** लंबे इंतजार के बाद प्रयागराज के नगर निगम चुनाव के लिए आरक्षण सूची शुक्रवार को जारी कर दी गई है। यहां कुल 100 वार्ड हैं सभी के लिए आरक्षण सूची जारी की गई है। अब इसके बाद आपत्तियां मांगी गई हैं और जिसका एक सप्ताह में निस्तारण किया जाएगा।पूरे 100 वार्ड में से 33 वार्ड सिर्फ महिलाओं के लिए सुरक्षित किए गए हैं। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात की ओर से यह सूची जारी की गई है। वार्डों के लिए जारी सूची को लेकर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो जिलाधिकारी के यहां आपत्ति भेज सकता है।



## नैनी में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने पैदल गस्त किया

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** थाना क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत नैनी थाना प्रभारी बृजेश सिंह नैनी थाना निरीक्षक अपराध मोहम्मद अली एसएसआई अजय कुमार सिंह समस्त चौकी इंचार्ज के साथ प्रमुख चौराहों, बाजारों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पैदलगस्त कर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की सघन चेकिंग की गयी।

# बारात आने से पूर्व युवती फरार शादी के घर में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** शुक्रवार को आने वाली बारात को कन्या पक्ष ने बारात लाने से मना कर दिया। जिससे वर पक्ष अचम्भित हो गए। बाद में पता चला कि युवती ही बीती रात फरार हो गई।जिसे लेकर क्षेत्र में चर्चा बना हुआ है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को एक युवती की बारात आने वाली थी। बताते हैं कि बारात आने पूर्व बीती रात अचानक युवती फरार हो गई। शुक्रवार को सुबह परिजनों को जब पता चला तो वह पहले प्रतापगढ़ क्षेत्र के पटटी से आने वाली बारात को रोक दिए और युवती की तलाश में जुट गए। घर पर आए मेहमान धीरे धीरे खिसक लिए। बताते हैं कि युवती का फेसबुक पर किसी युवक से प्रेम प्रपंच चल रहा था। युवती के तमाम विरोध के बावजूद उसकी शादी प्रतापगढ़ के पटटी में तय कर दी गई। परन्तु आखिर में युवती घर का सारा जेवर नगदी आदि लेकर चुपके से फरार हो गई। बताते हैं कि वर पक्ष को जब सच्चाई पता चला तो उन्होंने शादी करने से साफ इंकार कर दिए और वर पक्ष कन्या पक्ष से खर्च मांग रहा है। समाचार लिखे जाने तक युवती का कुछ पता नहीं चला था। वर और कन्या पक्ष के बीच पंचायत चल रही थी। इस बाबत किसी ने थाने में कोई शिकायत नहीं की थी।

## मवेशियों को बचाने की कोशिश में गंवा दी अपनी जान

**प्रयागराज।** लोग रेलवे ट्रैक पार करते वक्त हड़बड़ी या लापरवाही में अक्सर ट्रेन की चपेट में आकर मौत का शिकार हो जाते हैं लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि एक शख्स ने अपने पालतू मवेशियों को बचाने के जक्कर में अपनी जान गंवा दी। ऐसा वाकया हुआ है प्रयागराज के यमुनापार इलाके में औद्योगिक थाना क्षेत्र में।

रामपुर पुलिस चौकी के पास बुधवार की दोपहर मवेशियों को बचाने के दौरान ट्रेन की चपेट में आकर पशुपालक की मौत हो गई। इस दौरान ट्रेन की टक्कर से एक भैंस ने भी दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी होते ही परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और शव को घर पर उठा लाए। इस बारे में खबर पाकर पहुंची पुलिस ने घरवालों को समझा-बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जनपंचायत में जनसमस्याओं को किया गया चिन्हित

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** कोरांव के ग्राम पंचायत रामपुर के मौजा-सेमरिहा में जनपंचायत का आयोजन किया गया । एकत्रित ग्रामीणों द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा,कृषि सहित ग्रामपंचायत द्वारा किए जाने वाले विकास कार्यों की विधिवत समीक्षा की गई।

ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि आज भी गांव से मुख्य मार्ग अयोध्या डुमण्डगंज तक जाने का मार्ग नहीं है। साथ ही कोरांव ब्लाक का यह ऐसा गांव है जो कि मिर्जा पुर व रीवा से सटा हुआ है व विकास खण्ड मुख्यालय से भी दूरस्थ होने के कारण विकास मापी सूचकांक में अति पिछड़ा है। और तो और इस गांव में अभी तक चकबंदी भी नहीं हो पाई है। क?ई ऐसे परिवार हैं जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करते हैं किन्तु उन्हें न तो राशन मिल पा रहा है न ही प्रधानमंत्री आवास ही नसीब हो पाया है। गांव के देवता प्रसाद,हिरौना देवी, हरिदर्शन प्रसाद आदि ने बताया कि बृंदधा, विधवा, विकलांग पात्र व्यक्ति पेंशन योजना से वंचित हैं। असिंचित एरिया का खामियाजा भुगत रहे किसान दिनेश,माधव प्रसाद, अनिल, रुक्मिणी देवी आदि ने बताया कि जब बारिश हो जाती है तो फसल उत्पादन होने के कारण परिवार का भरण-पोषण आसानी से हो जाता है किन्तु जिस सीजन में बारिश नहीं होती तो किसानों को संकट का सामना करना पड़ता है।साथ ही आवारा मवेशियों से भी कृषक आहत हैं। ग्रामीणों को सरकार से उम्मीद है कि सिंचाई की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए समाधान करके किसानों को सुरक्षित किया जा सकता है।जनपंचायत का आयोजन करने वाली राष्ट्रीय स्तरीय सामाजिक संस्था के प्रदेश प्रभारी उच्च न्यायालय अधिवक्ता कमलेश प्रसाद मिश्र द्वारा ग्राम विकास मापी सूचकांक की प्रश्नावली द्वारा स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास, उन्नत खेती, विद्यालयों में कायाकल्प योजना से सुधार की गुणवत्ता का आंकलन सहित ग्राम पंचायत द्वारा किए जा रहे ग्राम विकास, सहित शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देते हुए जागरूक किया गया एवं स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने हेतु ग्राम -योग की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। जनपंचायत में गांव के क?ई महिला -पुरुष ग्रामीण एकत्रित हुए।



# आत्म निर्भर किसान अभियान के तहत निकाली कलशयात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** प्रयागराज कृषि प्रधान देश भारत खेती पर हमेशा से निर्भर रहा है वही रासायनिक खादों कीटनाशक दवाओं से प्रकृति का संतुलन पर बड़ा असर पड़ रहा है जिससे किसानों की भूमि की उर्वरता शक्ति क्षीण होती जा रही है किस्म- किस्म की दवाओं एवं रासायनिक खादों से मानव प्रकृति के साथ-सथ भूमिका भी रासायनिक उर्वरक शोषण कर रही है किसानों को जागरूक होना पड़ेगा जिसके लिए वे कीटनाशक दवाओं को परित्याग कर देसी उर्वरक अपनाकर खेती के उपज बढ़ाने के साथ-साथ खेतों को भी बचाना जरूरी है शुक्रवार को करछना तहसील मुख्यालय पर आत्मनिर्भर किसान अभियान के तहत संपूर्ण सुख शांति का आधार शाश्वत योगिक खेती को लेकर किसानों को जागरूक करने के लिए ब्रह्मकुमारी प्रयागराज की बहनों द्वारा करछना तहसील मुख्यालय ब्लॉक मुख्यालय एवं विभिन्न गांव में जाकर कलश यात्रा के तहत किसानों को जागरूक किया गया इस कार्य में उप जिलाधिकारी करछना, खंड विकास अधिकारी करछना देव कुमार, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी, लक्ष्मी शंकर,ओपी सिंह, सहित ब्रह्माकमारी बहन संगीता, निर्मला ,प्रमोद तिवारी, वेद प्रकाश मिश्र, मोहनलाल ,प्रियांशु ,बृजलाल, बृजेश भरत , आदि बड़ी संख्या में लोगों ने कलश यात्रा में शामिल होकर किसानों को जागरूक करने का कार्य किया।

# गांव मोहल्लों में मयखानों से महिलाओं को नाराजगी

## सांसद विधायक से विशेष रूप से महिलाओं ने शराब की दुकानें गांव मुहल्ले से दूर स्थापित किए जाने की मांग

**अखंड भारत संदेश**


**कोरांव/प्रयागराज।** आए दिन शाम ढलते ही शराबी पतियों की हरकतों से परेशान शरीफ पत्नियां और खराब हो रहे युवा युवतियां महिलाएं आखिर अपनी पीड़ा को अपने विधायक और सांसद से अलग मिल कर मधुशालाओं को गांव मोहल्लों कस्बों से काफी दूर स्थापित किए जाने की जिद करते हुए मांग कर डालीं।

दरअसल विधायक बैठकवा ग्राम में गत दिवस एक कार्यक्रम जनजाति गौरव दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में गए हुऐ थे। उक्त गा वी में एक हौली यानी शराब की दुकान खुल गई है। जिससे नब्बे प्रतिशत मजदूर लोगों के

**सामान्य और मजदूर तबका रोजाना कमाने खाने** वाले उनके घर के मर्द जब शराब में कमाई का पैसा खराब कर रहे बाल बच्चों को मार पीट रहे और बच्चों का भविष्य खराब कर रहे जिस कारण महिलाओं ने शराबखोरी और गांव कस्बों मोहल्लों में शराब गांजा की वैध अवैध दुकानों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस पर सरकार को ध्यान देवें की जरूरत है।

आशियाने हैं। पति चाहे वृद्ध हों या नौजवान सभी दारूबाज हो गए हैं। रात में जरा जरा सी बातों पर पत्नियों को मारते पीटते हैं। काम उम्र के बच्चे और महिलाएं भी शराब की शौकीन होती जा रहीं हैं। जिससे घर की बरबादी बढ़ने लगी हैं। कुछ औरतें तो विरोध करती हैं उन्हें ज्यादा मार खाना पड रहा है। जब तक विधायक से मधुशाला गांव से काफी दूर स्थापित किए जाने हेतु घोषणा कर नहीं दीया तब तक विधायक जी का साथ नहीं छोड़ी।

इसी प्रकार बैबवार कला कोरांव मैं सांसद डाक्टर रीता जोशी जी और विधायक राजमणि कोल का कार्यक्रम था। वहां भी महिलाओं में विधायक जी और सांसद जी के सामने शराब की फूकने गांवों से काफी दूर स्थापित किए जाने की मांग की। जिस पर विधायक राजमणि कोल जी को अंततो गत्वा मंच से ही एलान करना पड़ा। कि शराब की दुकानें दूर स्थापित कर दिए जायेंगें।



सरकार मुहल्लों और गांवों कस्बों से शराब की दुकानें दूर स्थापित कराएं। जिससे लोगों का भविष्य चौपट न हो।

**प्रेमकली**
**प्रतिनिधि/ मिस्कीन सेवा संस्थान ट्रस्ट कोराव प्रयागराज**

## प्रयागराज माघ मेला क्षेत्र में 44000 टायलेट व 4000 यूरिनल की व्यवस्था होगी



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में गंगा, यमुना के संगम की रेती पर लगने वाले माघ मेला 2023 की तैयारी शुरू है। इस बार माघ मेला ओडीएफ यानी खुले में शौच मुक्त होगा। प्रदेश का यह पहला मेला होगा, जो ओडीएफ होगा। इसके लिए प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने इसके लिए तैयारी कर ली है। मेला प्राधिकरण ने इसकी जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग को सौंप दी है। माघ मेला को महाकुंभ का ट्रायल के रूप में कराने का निर्देश : यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज माघ मेला के आयोजन को महाकुंभ के ट्रायल के रूप में कराने के निर्देश दिया है। इससे प्रशासनिक अमला इसमें जुट गया है। माघ मेला को पूरी तरह से ओडीएफ करने के लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने इसकी जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग को सौंपी है।एसटीपी भी बनेगा, जल शोधित होगा : मेला क्षेत्र से निकलने वाले सीवरेज के शोधन के लिए सेक्टर पांच के बाहरी क्षेत्र में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) भी स्थापित किया जाएगा। इस एसटीपी से शोधित जल ही बाहर जा सकेगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

### जिलाधिकारी ने शहर में ज्यादा जाम वाले स्थानों का चिन्हीकरण करने एवं सड़कों पर डिवाइडर के बीच अनावश्यक कट वाले स्थानों को बंद कराये जाने के दिए निर्देश



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटना को रोकने सम्बंधी उपायों पर विचार विमर्श करते हुए सबसे अधिक दुर्घटना वाले स्थानों का चिन्हॉकन करने तथा एनएच, एआरटीओं, पीडब्लूडी तथा यातायात पुलिस की टीम बनाकर मौके का निरीक्षण करते हुए दुर्घटना को रोकने सम्बंधी उपायों के बारे में अपनी आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने नेशनल हाईवे के नजदीक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर ट्रामासेंटर जैसी व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिए है तथा वहां के स्टॉफ का प्रशिक्षण भी कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने गति सीमा की जांच हेतु अधिक दुर्घटना बाहुल्य वाले स्थानों पर स्पीडगन या स्पीड रडार लगाये जाने हेतु एनएच तथा पीडब्लूडी के अधिकारियों को निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने शहर में ज्यादा जाम लगने वाले स्थानों का भी चिन्हीकरण करने एवं सड़कों पर डिवाइडर के बीच अनावश्यक कट वाले स्थानों को बंद कराये जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जागरूकता सम्बंधी कार्यशाला कराये जाने के साथ साइनेजेज भी लगाये जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने सभी थानों से पांच सबसे खराब सड़कों की सूची उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने ब्लैक स्पाटों को चिन्हित करने तथा वहां पर दुर्घटना को रोकने हेतु आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। हिट एण्ड रन दुर्घटना मामले के निस्तारण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने लम्बित केसों का तत्काल निस्तारण कराये जाने हेतु सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया है। उन्होंने यह भी हिदायत दी है कि यदि इन केसों का शीघ्रता से निस्तारण नहीं कराया गया तो सम्बंधित एआरटीओं के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार तथा सम्बंधित विभागों के अधिकारीगणों के साथ-साथ सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## नए पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने ग्रहण किया कार्यभार, शुरू किया कामकाज



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज के नए पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने शुक्रवार को सुबह कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। इसके बाद उन्होंने विधिवत अपना कामकाज शुरू कर दिया और मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।जिले के नवनियुक्त पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा का कहना है कि उनके कार्यकाल में हर शख्स को इंसाफ मिले। यही उनकी प्राथमिकता होगी। वह प्रयागराज में पहले भी रह चुके हैं। इस कार्यकाल में उस अनुभव का लाभ मिलेगा। रमित शर्मा बृहस्पतिवार को देर रात प्रयागराज पहुंचे। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने बताया कि जिले को एक बेहतर पुलिस तंत्र की जरूरत है। इस पर अधिकारियों से मिलकर काम किया जाएगा। अभी तक वह बरेली में बतौर आईजी तैनात थे। 1999 बैच के आईपीएस रमित शर्मा कई जिलों में पुलिस कप्तान के रूप में काम कर चुके हैं। प्रयागराज में वे बतौर आईजी तैनात रहे हैं।मेरठ में तैनाती के दौरान ड्रोन के इस्तेमाल पर उन्होंने प्रदेश भर में काफी प्रशंसा बटोरी थी। आईआईटी कानपुर से इंजीनियरिंग के बाद उन्होंने भारतीय पुलिस सेवा ज्वाइन किया।

### सीरीयल बम ब्लास्ट मामला

## आरोपियों से मुकदमा वापसी पर हाईकोर्ट करेगी सुनवाई

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट वाराणसी, गोरखपुर, फैजाबाद तथा लखनऊ की जिला अदालतों में थोड़े-थोड़े अंतराल पर एक ही दिन किए गए सीरियल बम ब्लास्ट के आरोपियों से मुकदमा वापसी के आदेश के खिलाफ याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई करेगी। कोर्ट ने अपर शासकीय अधिवक्ता से इस संबंध में कोर्ट को आवश्यक जानकारी मुहैया कराने का निर्देश दिया है। यह आदेश चीफ जस्टिस राजेश बिंदल एवं जस्टिस जेजे मुनीर की खंडपीठ ने वाराणसी के याचिकाकर्ता नित्यानंद चौबे की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया है। याचिका में तत्कालीन सपा सरकार की ओर स सीरियल बम ब्लास्ट के आरोपियों से मुकदमा वापस लेने संबंधी आदेश को चुनौती दी गई है। याची के अधिवक्ता शशि शंकर त्रिपाठी का कहना है कि वाराणसी समेत गोरखपुर, फैजाबाद, लखनऊ की अदालतों में हुए सीरियल बम ब्लास्ट में 30 से अधिक अधिवक्ता एवं अधिकारियों की मृत्यु हो गई थी जबकि लगभग 80 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। तत्कालीन सरकार की ओर से मुकदमा वापसी के लिए गए निर्णय के खिलाफ याची ने जनहित याचिका दाखिल की। कोर्ट ने इस पर सरकार से जवाब मांगा था। चीफ जस्टिस की बेंच में इस मामले की सुनवाई पर कोर्ट ने अपर शासकीय अधिवक्ता से जरूरी जानकारी लेकर कोर्ट को अगली तिथि पर अवगत कराने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई करेगी।

## जिला जज को आजाद पार्क से अवैध निर्माण हटाने का निरीक्षण कर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिला न्यायाधीश को चंद्र शेखर आजाद पार्क में हटाए गए अवैध निर्माण व अतिक्रमण का मौका मुआयना कर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। उनके साथ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन व याची अधिवक्ता प्रभास पांडेय भी मौजूद रहेंगे। मुआयना 17 दिसंबर को 11 बजे से होगा।

कोर्ट ने जिलाधिकारी को जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने का निर्देश दिया है। याचिका की सुनवाई 20 दिसंबर को होगी। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल तथा न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की खंडपीठ ने जितेन्द्र सिंह बिसेन की जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है।अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल व अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता एके गोयल ने कोर्ट को बताया कि 1975 के बाद अतिक्रमण कर बने सभी अवैध निर्माण हटा दिए गए हैं। पार्क की सुरक्षा व्यवस्था के लिए जरूरी कुछ निर्माण नहीं हटाए गए हैं।

इस पर कोर्ट ने वस्तुस्थिति का जायजा लेकर जिला जज से रिपोर्ट मांगी है। याचिका में कहा गया कि कुछ स्वतंत्रता सेनानी शहीदों की मजार भी हटा दी गई हैं किंतु किसी शहीद का नाम नहीं बताया। यह भी कहा गया कि पार्क में कुआं है, जिसमें क्रांतिकारी शहीद हुए हैं। उसका संरक्षण किया जाए। अपर महाधिवक्ता ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। याचिका में पार्क से 1975 के बाद हुए निर्माण को हटाने के हाईकोर्ट के पहले दिए गए आदेश पर अमल करने की मांग की गई है। जिस पर कोर्ट ने सरकार को अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था। जिसके अनुपालन की रिपोर्ट पेश की गई।

## झूठ बोलकर बार-बार याचिका दायर करना पड़ा महंगा, कोर्ट ने तीनों को गिरफ्तार कर पेश करने का दिया आदेश

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने झूठा हलफनामा दाखिल कर कोर्ट को गुमराह करने वाले वाराणसी के चौक थाना क्षेत्र के निवासी अमित कुमार निगम, अखिलेश कुमार गुप्ता उर्फ सोनू तथा श्रीमती सरोज गुप्ता के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है।

साथ ही पुलिस कमिश्नर वाराणसी को इन्हें गिरफ्तार कर शनिवार को दो बजे कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया है।और एक याचिका खारिज होने के बाद झूठा हलफनामा देकर दोबारा याचिका दाखिल करने वाले वकीलों महताब आलम, वर्षा सिंह को भी कोर्ट में हाजिर होने को कहा है । चेतावनी दी है कि हाजिर नहीं हुए तो कोर्ट उनका लाइसेंस निरस्त करने सहित प्रतिकूल आदेश भी जारी करेगी। याचिका की सुनवाई शनिवार, 3 दिसंबर को होगी।यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने अमित कुमार निगम की याचिका पर दिया है। कोर्ट ने दोनों याचिकाओं की पत्रावली भी तलब की है। मालूम हो, चौक थाने में दर्ज आपराधिक मामले के खिलाफ याचिका दाखिल की गई है। याची के दोनों अधिवक्ता कोर्ट में बहस करने नहीं आए। विपक्षी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि इससे पहले दाखिल एक याचिका खारिज हो चुकी है जबकि एक याचिका लंबित है। कोर्ट ने कहा, इन्हीं वकीलों ने पहले की याचिकाएं दाखिल कीं जबकि इस याचिका में लिखा कि यह पहली याचिका है। कोर्ट को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। इस पर कोर्ट ने तीनों याचियों को गिरफ्तार कर पेश करने का निर्देश दिया है।

## कोहरे का रंग संगमनगरी में और गहराया

**प्रयागराज।** संगमनगरी प्रयागराज में ठंड का सितम अब बढ़ने लगा है। महीने के आखिरी तीन दिन में कोहरे ने असर दिखाना शुरू किया है। आज माह के अंतिम दिन तो कोहरे का रंग और भी गाढ़ा रहा। सुबह आठ बजे भी ऐसा लग रहा था मानो अभी भोर के पांच बजे हों। हर तरफ धुंध की छाया के चलते सूरज का ताप बेअसर रहा। सुबह काम पर निकले लोगों को कोहरे ने प्रभावित किया। तमाम वाहनों को सुबह भी लाइट आनकर चलते देखा गया क्योंकि विजिबिलटी कम थी।कोहरे का असर शहर के हाईवे के अलावा बाहरी इलाकों के साथ ग्रामीण अंचल में खासा नजर आया। खासतौर पर गंगा-यमुना के पुलों पर तो कोहरे का नजारा देखने लायक रहा।


### आवश्यकता है

स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम के मध्यकालीन इतिहास, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, अंग्रेजी साहित्य, हिन्दी साहित्य, संस्कृत, शिक्षाशास्त्र विषयों के एक-एक सहायक आचार्य की आवश्यकता है। शैक्षिक योग्यता, वेतनमान यू0जी0सी0/राज्य वि0वि0 के मानकानुसार देय होगा।

**नोट**-इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त अंकपत्रों/प्रमाण पत्रों के साथ महाविद्यालय के पते पर पंजीकृत डाक/व्यक्तिगत उपस्थित होकर विज्ञापन प्रकाशित के पन्द्रह दिन के अन्दर आवेदन कर सकते हैं। साक्षात्कार हेतु सूचना ई-मेल/दूरभाष के माध्यम से दिया जायेगा।

**प्रबंधक- महावीर सुमित्रा महिला महाविद्यालय, बजहॉ मिश्रान, सैदाबाद हण्डिया, प्रयागराज।**

E-mail : smctalld@gmail.com, Mob: 8756997161


## प्रयागराज सिटी के कई गेस्ट हाउस, बड़े होटल और निजी नर्सिंग होम बार-बार दिखा रहे नगर निगम को ठेंगा

**प्रयागराज** गृहकर बकाया जमा कराने के लिए नगर निगम की ओटीएस (वन टाइम सेटेलमेंट) योजना काम नहीं आई। करोड़ों रुपये अब भी बकाया है। सबसे अधिक बकाया केंद्र और राज्य सरकार के विभागों के भवनों पर है। सरकारी भवनों से गृहकर और जलकर के रूप में नगर निगम को 37 करोड़ रुपये की वसूली करना है। जबकि स्कूल, गेस्ट हाउस, नर्सिंग होम पर भी गृह कर के रूप में लंबी रकम बकाया है। निगम के अधिकारी अब विशेष अभियान चलाकर इन संस्थाओं से बकाया कर वसूल करेंगे। नगर निगम लोगों की सहूलियत के लिए पेयजल, कूड़ा प्रबंधन, सीवर आदि सुविधाएं उपलब्ध कराता है। इसके बदले गृहकर और जलकर वसूला जाता है।

## बाहुबली अतीक के बेटे अली की जमानत अर्जी खारिज, पुरामुफ्ती में दर्ज है मारपीट का मामला



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** विशेष न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश डॉ.दिनेश चंद्र शुक्ला ने मारपीट और षड़यंत्र के मामले में पूरामुफ्ती थाने में दर्ज प्राथमिकी में बाहुबली अतीक के बेटे अली अहमद उर्फ मोहम्मद अली अहमद की जमानत अर्जी खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा है कि याची की जमानत निरस्त किए जाने योग्य है।

अभियोजन के मुताबिक वादी मुकदमा मोहम्मद जीशान अपने दोस्तों के साथ 26 जुलाई को पौने दो बजे फनगांव केसामने मौजा मंदरी को देखने गया था। इतने में एक बड़ी गाड़ी उनके पास आकर रुकी। उसमें बैठे लोगों ने उसे मारने की नीयत से दौड़ा लिया। फायरिंग हुई। पेड़ की आड़ में होने से वह बच गया। बाद में उसने इसकी जानकारी थाने में दर्ज कराई।याची की ओर से कहा गया कि वह दो अगस्त से न्यायिक अभिरक्षा में है। प्राथमिकी में अंकित घटना पूरी तरह से फर्जी है। कथित घटना पांच दिन बाद विचार-विमर्श के बाद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वादी की कहानी पूरी तरह से निराधार है। हालांकि, सरकारी अधिवक्ता सुशील कुमार वैश्य ने इसका विरोध किया। इसके बाद कोर्ट ने जमानत अर्जी को निरस्त कर दिया।

## प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर तलब, कोर्ट ने पूछा, सरकारी फाइल बगैर कैसे हो केस की सुनवाई

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सरकारी फाइल की उपलब्धता न होने से केस की सुनवाई टलते जाने पर नाराजगी जताई। प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर को तलब कर पूछा है कि कोर्ट कैसे काम करे। कोर्ट में फाइल न होने के कारण सरकारी वकील कोर्ट को सहयोग नहीं कर पा रहे और सुनवाई टालनी पड रही है। ऐसे में कोर्ट के पास मुख्य सचिव को तलब करने के

सिवाय अन्य विकल्प नहीं है। केस की सुनवाई की तिथि 13 दिसंबर नियत की गई है। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल तथा न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की खंडपीठ ने मनीष श्रीवास्तव तथा अन्य की विशेष अपील पर दिया है। जिसमें सरकार विपक्षी पक्षकार है। कोर्ट ने कहा है कि केस की सुनवाई शुरू हुई तो सरकार की तरफ से कोई नहीं आया। कोर्ट ने जानना चाहा कि इस केस में सरकार की तरफ से कौन बहस करेगा, तो कोई नहीं खड़ा हुआ क्योंकि कोर्ट में सरकारी फाइल ही नहीं थी। कोर्ट ने कहा, यह अकेला मामला नहीं है। आज ही चार केस की सरकारी फाइल न होने से सुनवाई टालनी पड़ी। कोई भी पुराना केस नहीं सुना जा सका। इस पर कोर्ट ने प्रदेश के मुख्य सचिव को हाजिर होने का निर्देश दिया है।

# राहुल पदयात्रा नहीं वर यात्रा निकालें : कुमार विश्वास

### मंच से राहुल गांधी पर कसा बड़ा तंज, बोले-इस अधूरी जवानी का क्या फायदा




अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मशहूर शायर और कवि कुमार विश्वास ने अपनी शेर और शायरी के माध्यम से राहुल गांधी के ऊपर बड़ा तंज कसा है। बिना नाम लिए इशारों इशारों में उन्होंने कहा कि इस अधूरी जवानी का क्या फायदा। राहुल के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी कुमार विश्वास ने नहीं छोड़ा और कहा कि इस कथानक कहानी से क्या फायदा।

कायस्थ पाठशाला की स्थापना के 150वीं जयंती समारोह में प्रयागराज आए कुमार विश्वास ने गुलाबी सर्दी में देर रात तक श्रोताओं को अपने एक से बढ़कर एक शेर और कविताओं के माध्यम से बांधे रखा।कुमार विश्वास ने राहुल गांधी के ऊपर प्रयागराज में कायस्थ पाठशाला के मंच से बड़ा तंज कसा। बोले-राहुल गांधी पदयात्रा निकाल रहे हैं, पदयात्रा नहीं वर यात्रा निकालें अब। फिर गुनगुनाए। इस अधूरी जवानी का क्या फायदाङ्ख। आगे सुनाया। अब ये पंक्ति देश के प्रधानमंत्री के लिए। ह्यह्लबिन कथानक कहानी का क्या फायदा। जिसमें धुलकर नजर भी न पावन बनी, आंख में ऐसे पानी का क्या फायदाह्लह्व। ये प्रधानमंत्री जी है जो मित्रों मित्रों कहकर हमारे भाइयों बहनों काङ्ख। आगे आप खुद ही समझ जाओ। पब्लिक हंसकर रह गई।


## कार्यालय ग्राम पंचायत लखनपुर विकास खण्ड शंकरगढ़, प्रयागराज

पत्रांक: मेमो/मनरेगा/राज्य वित्त/15वां वित्त/निविदा/2022–23 दिनांक

### अल्पकालीन निविदा

मनरेगा/राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2022–23 में निम्नलिखित निर्माण कार्यों को कराने हेतु ग्राम पंचायत लखनपुर में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदाएं सील बन्द लिफाफे में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 20.11.2022 से 05.12.2022 को सायं 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय में कार्यदिवस में देखी जा सकती है। एक व समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम पंचायत लखनपुर को होगा। निविदा दिनांक 05–12–2022 को सायं 4 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है। प्रत्येक कार्य हेतु पृथक–पृथक डाली जायेगी।

| क्रमांक | परियोजना का नाम | कार्य की अनुमानि लागत (लाख में) | निविदा मूल्य | धरोहर की राशि | निर्माण कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत लखनपुर गौशाला में तार बारी (बाउण्ड्री) निर्माण कार्य | 3.27 | 500 | – | 1 माह |
| 2 | ग्राम पंचायत लखनपुर गौशाला में कैटल शेड निर्माण कार्य | 6.087 | 500 | – | 1 माह |
| 3 | ग्राम पंचायत लखनपुर गौशाला में चरही व बोर निर्माण कार्य | 3.29 | 500 | – | 1 माह |
| 4 | ग्राम पंचायत लखनपुर गौशाला में मिट्टी पटाई कार्य | 4.98 | 500 | – | 1 माह |
| 5 | रीबोर 3 नग समरसेबुल पम्प सहितकार्य | 1 लाख प्रत्येक | 500 | | 1 माह |
| 6 | कूड़ी बार्डर से ग्लोबल सिटी तक WBM रोड कार्य | 4.50 | 500 | | 1 माह |

नोट:– अनुमानित लागत तकनीकी/वित्तीय स्वीकृति के आधार पर घट बढ़ सकती है।

**राम जतन**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत लखनपुर
विकास खण्ड शंकरगढ़, प्रयागराज

**दीपेश सिंह**
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत लखनपुर
विकास खण्ड शंकरगढ़, प्रयागराज

# सड़क एवं स्वास्थ्य तथा शिक्षा के क्षेत्र में रामपुर खास सदैव दिखेगा मजबूत: मोना

## विधायक ने अग्निकांड से प्रभावितों को सौंपी मदद

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमंडल दल नेता आराधना मिश्रा मोना ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र के बरीबोझ, खजुरी, अझारा, नोहर का पुरवा राकी, मंगापुर में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएँ सुनी और निस्तारण कराए जाने का भरोसा दिया। लालगंज के पूरे तिकोनिया गाँव भी विधायक पहुँची और हाल ही में यहाँ आकस्मिक अग्निकांड से पीड़ित परिजनों से मुलाकात की।

विधायक आराधना मिश्रा मोना ने अग्निकांड से प्रभावित गाँव के बाबूलाल वर्मा तथा श्याम लाल वर्मा को स्वयं तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी की ओर से आर्थिक सहायता भी सौंपी। वहीं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने बरीबोझ गाँव पहुँचकर धार्मिक अनुष्ठान के तहत समाजसेवी पप्पू तिवारी के संयोजन में हुए भंडारे में शामिल हुई। इसके बाद आराधना मिश्रा मोना लालगंज कैम्प कार्यालय पर पहुँची। यहाँ कार्यकताओं द्वारा विधायक मोना को नगर पंचायत की बाजार के लिए विक्टोरिया लाइट सौगात सौंपने पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि सन्तोष द्विवेदी तथा संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में स्मृति चिह्न एवं माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत करते देखा गया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विधायक मोना ने कहा कि रामपुर खास के विकास के लिए वह सदैव तेजी के साथ प्रयास जारी रखेंगी। उन्होंने कहा कि रामपुर खास को मजबूत विकास के लिए यहाँ उनकी प्राथमिकता सड़क संसाधनों के साथ स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा को प्राथमिकता पर मजबूती प्रदान करना है। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने यहाँ कार्यकताओं से मुलाकात के अलावा कैम्प कार्यालय पर आए लोगों की समस्याओं की भी सुनवाई की। समस्याओं के समाधान के बाबत विधायक ने संबंधित अफसरों से फोनिक वार्ता भी की। इसके बाद विधायक आराधना मिश्रा मोना ने घुइसरनाथ धाम पहुँचकर दर्शन पूजन किया। यहाँ उन्होंने पर्यटन संवर्धन योजना के तहत स्वयं द्वारा स्वीकृत कराए गए पर्यटन विकास से जुड़े कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि सन्तोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल, के० डी० मिश्र, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, सुधाकर पांडेय आदि रहे।



पूरे तिकोनिया में अग्निकांण्ड प्रभावित परिवार को ढ़ाढ़स बंघाती विधायक मोना

# भू-जल प्रदूषण हेतु दोषी पाये जाने पर अर्थदण्ड व कारावास की होगी सजा

## जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद की बैठक में डीएम ने दिये जरूरी दिशा निर्देश

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्टेज्ट के सभागार में जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद के सदस्यों, सचिव की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में हाईड्रोलाजिस्ट रविशंकर पटेल द्वारा बताया गया कि जनपद में आर0ओ0 प्लान्ट बिना एन0ओ0सी0/पंजीकरण कराये चलाये जा रहे है तथा क्रिटिकल एवं अतिदोहित क्षेत्रों में बिना एन0ओ0सी0/पंजीकरण प्राप्त किये ही अवैधानिक रूप से बोरिंग इत्यादि कार्य कराया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि भूजल उपभोक्ताओं यथा औद्योगिक, वाणिज्यिक, अवसंरचनात्मक, सामूहिक उपयोगकताओं को इस आशय की नोटिस भेजे कि 15 दिवस के अन्दर विभागीय पोर्टल के माध्यम से कूपों का पंजीकरण/एनओसी प्राप्त कर लें अन्यथा भूगर्भ जल प्रबन्धन अधिनियम-2019 के अन्तर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने जनपद में भूजल संसाधनों की सुरक्षा, संरक्षण, प्रबन्धन एवं नियमन के प्रति भूजल की उपलबधता समान रूप से निरन्तर बने रहने और जनमानस को गुणवत्तापरक जलापूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु सदस्यों को राज्य भूगर्भ जल प्रबन्धन एवं विनियामक प्राधिकरण के अनुसार कार्यवाही कराने का निर्देश।

जिलााधिकारी ने कहा कि किसी भी व्यवसायिक, औद्योगिक, इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं बल्क यूजर के उल्लंघन की स्थिति में प्रथम बार 02 लाख से 05 लाख अर्थदण्ड अथवा 06 माह से 01 वर्ष का कारावास अथवा दोनो हो सकता हैं। भू-जल प्रदुषण हेतु दोषी पाये जाने पर प्रथम बार 2 से 03 वर्ष की सजा एवं 05 से 10 लाख रुपए अर्थदण्ड है तथा भू-जल प्रदूषण हेतु अपराध की पुनरावृत्ति पर 05 वर्ष से 07 वर्ष का कारावास तथा 10 लाख से 20 लाख का जुमार्ना का प्राविधान है। किसी भी भू-जल आपूर्तिकर्ता (राज्य सरकार की पेयजल योजनाओं के अतिरिक्त) द्वारा आपूर्ति किये जाने वाले भू-जल के गुणवत्ता के मापदण्ड पूर्ण न करने की स्थिति में न्यूनतम 02 लाख एवं अधिकतम 5 लाख का अर्थदण्ड है।

## लालगंज में मुशायरा आज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** हजरत मौलाना मोहम्मद अतीक की याद में कुल हिंद मुशायरा 3 दिसंबर की रात 8 बजे से लालगंज के खाना पट्टी खालसा चौराहे पर होगा। कन्वीनर डॉ. अनुज नागेन्द्र ने बताया कि इसमें शकील फूलपुरी, फलक सुलतानपुरी, खलील फरीदी, आफताब जौनपुरी, खुर्शीद अंबर, कासिम हुनर, अनीस देहाती, फैयाज परवाना, नफीस अख्तर सहित कई शायर अपने कलाम पेश करेंगे।



शारदा सहायक इलाहाबाद जल शाखा नहर का टूटा पुल।

# नहीं बन सका तीन वर्ष पूर्व टूटा शारदा सहायक इलाहाबाद जल शाखा नहर का पुल

## विभागीय अधिकारियों की लापरवाही का दंश झेल रहे क्षेत्रीय लोगों में रोष

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़/परियावां।** काला कांकर विकास क्षेत्र के स्थान स्थित इलाहाबाद जल शाखा शारदा बड़ी नहर का पैदल पार पुल तीन वर्ष पूर्व बारिश के दौरान अचानक टूट गया जिससे लगभग आधा दर्जन गांव के लोगों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया जबकि इसकी जानकारी विभागीय अधिकारियों सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को भी है फिर भी पुल टूटे तीन वर्ष से ज्यादा का समय हो गया है लेकिन अभी तक पुल बन नहीं पाया जिसको लेकर क्षेत्रीय जनता व गांव के लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों विभागीय अधिकारियों के लापरवाही एवं उदासीनता के चलते आजतक ज्यों का त्यों पड़ा है तीन वर्ष पूर्व टूटा था अस्थान गांव के सामने का शारदा सहायक बड़ी नहर का पैदल पार पुल बता दें कि इस रास्ते पर होकर गुजरने वाले गांव के लोगों का आना जाना है जिसमें गोलहन का पुरवा, चैनी का पुरवा, सधई का पुरवा, कोहारन का पुरवा, स्थान सहित कई गांव के लोगों को आने जाने में लगभग तीन किलोमीटर घूम के अपने गंतव्य स्थान के लिए जाना पड़ता है। व्यक्त करने वालों में छोटे लाल चैरसिया, राकेश कुमार श्रीवास्तव, रामदयाल, राम आसरे, तेजभान पटेल, रोहित कुमार, मोहम्मद इरफान, रितेश साहू जगदीश, शिव राज पाल आदि हैं। इन लोगों सहित क्षेत्रीय लोगों ने सिंचाई विभाग के उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तीन वर्ष पूर्व टूटे पैदल पार पुल को बनवाने की मांग की है।

# एसपी के औचक निरीक्षण से लालगंज एवं सांगीपुर थाना में मचा हड़कंप

## डंप वाहनों को लेकर थाना प्रभारी को लगाई फटकार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले के एसपी सतपाल अंतिल ने गुरुवार की रात लालगंज कोतवाली तथा सांगीपुर थाने का औचक निरीक्षण किया। एसपी सतपाल अंतिल ने दोनों थानों के साथ लालगंज से सीओ कार्यालय का भी निरीक्षण किया पुलिस कप्तान के अचैक निरीक्षण से लालगंज सांगीपुर थानों में हड़कंप मच गया।

पुलिस कप्तान ने लालगंज कोतवाली में डंप वाहनों को देख नाराजगी जताई एसपी ने थाना प्रभारी कमलेश पाल को फटकार लगाते हुए इन वाहनों को तरतीब से खड़ा करने के निर्देश दिए और खाली जगह पर साफ सफाई कराकर एक और नई पार्किंग बनाने के भी निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली में अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए अपराध रजिस्टर का भी अवलोकन किया। पुलिस कप्तान ने अपराध रजिस्टर अवलोकन करते हुए अभी तक दर्ज मुकदमा के निस्तारण में तेजी ना देने पर नाराजगी जताई। पुलिस कप्तान ने सीओ लालगंज को थाने में मुकदमों के निस्तारण कराने के लिए स्वयं की निगरानी में पर्यवेक्षण का निर्देश दिया। निस्तारण कराने को कहा वही एसपी ने महिला हेल्प डेस्क से भी जुड़ी शिकायतों के निस्तारण में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। इसके पूर्व पुलिस कप्तान सतपाल अंतिम सांगीपुर थाने पहुंचे यहां पर एसपी ने थाने में निमार्णाधीन थानाध्यक्ष कक्ष तथा महिला हेल्प डेस्क भी निर्माण प्रक्रिया का अवलोकन किया एसपी ने थाना अध्यक्ष जितेंद्र सिंह परिहार को निर्माण कार्यों को समय से पूरा कराए जाने का भी निर्देश दिया। एसपी ने आगामी 7 दिसंबर को सांगीपुर थाने में एडीजी जोन प्रयागराज के प्रस्तावित निरीक्षण के बाबत मातहतों को तैयारियां समय से पूर्व किए जाने की हिदायत दी पुलिस कप्तान ने सीओ कार्यालय भी पहुंचकर यहां अनुसूचित जाति उत्पीड़न तथा महिला उत्पीड़न से जुड़े अपराधों में विवेचना की कार्यवाही की समीक्षा की एसपी ने सीओ लालगंज महिला अनुसूचित जाति से जुड़े अपराध में सख्ती बरतने को कहा निरीक्षण के दौरान सीओ रामसूरत सोनकर ने एसपी को वांछित जानकारियां दी। देर रात तक पुलिस अधीक्षक के लालगंज में बने होने को लेकर हड़कंप का माहौल दिखा। इसके पूर्व एसपी अचानक लालगंज अस्पताल गेट के पास ठहर गए एसपी यहां से लालगंज पुलिस बल के साथ कस्बे में पैदल मार्च करते हुए स्वयं चैक तक पैदल मार्च में शामिल दिखे। एसपी अचानक लालगंज साइकिल से होने को लेकर देर रात तक महकमे में हड़कंप का माहौल दिखा।



लालगंज कोतवाली में औचक निरीक्षण करते एसपी सतपाल अंतिल।

# सदर विधायक के प्रयास से बहाल हो पाई नगर की विद्युत आपूर्ति

## डीएम से सदर विधायक ने की थी शिकायत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अचानक पूरी रात बिजली गायब हो जाने की समस्या को लेकर शुक्रवार की सुबह सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने डी एम नितिन बंसल से बात कर बिजली व्यवस्था बहाल कराई, जिसकी नगर में सराहना हो रही है।

पिछली बार की तरह इस बार भी कर्मचारियों ने हड़ताल के समय बिना किसी सूचना के रूपापुर एवं बाबागंज की बिजली काट दी। इन दोनों फीडर पर भूपियामऊ से कुसुमी के बीच एक ऐसा फाल्ट है जिसको बिजली कर्मचारी पिछली बार उड़ा कर बिजली व्यवस्था को ध्वस्त कर चुके थे। इस बार भी हड़ताली तकनीशियन ने यही करने का प्रयास किया। रात भर बिजली न रहने पर लोगों के इनवर्टर तक बोल चुके थे। सुबह उपभोक्ताओं ने जिम्मेदार विभागीय लोगों से जब बात किया तो हड़ताली कर्मचारी ब्रेकडाउन की बात बता कर पल्ला झाड़ लिए। यह समस्या जब सदर विधायक राजेंद्र मौर्य के पास पहुंची तो उन्होंने तुरंत जिलाधिकारी नितिन बंसल से बात किया। जिलाधिकारी ने संज्ञान में लेते हुए एसी बिजली सहित विभागीय लोगों को फटकार लगाई और बिजली 11रू00 बजे बहाल हो गई। लोगों में इस बात को लेकर भय था कहीं बिजली कर्मचारियों द्वारा पिछली बार की तरह इस बार भी दो-तीन दिन तक हड़ताल के कारण लोगों को विना पानी के अंधेरे में न गुजारना पड़े। फिलहाल सदर विधायक राजेंद्र मौर्य के प्रयास को लेकर नगर में जहां तारीफ हो रही है वही जिलाधिकारी नितिन बंसल के प्रयास के प्रति लोगों में प्रसन्नता है।

## तीसरे दिन भी जारी रहा बिजली मर्चारियों का धरना

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** संयुक्त संघर्ष समिति के केन्द्रीय नेतृत्व के आहवान पर 29 नवम्बर से चल रहे कार्य बहिष्कार के तहत आज शुक्रवार को तीसरे दिन भी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले अधीक्षण अभियंता कार्यालय के समक्ष अधिकारियों व कर्मचारियों ने शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन किया और सरकार द्वारा न्यायोचित मांगों को लेकर मौजूद रहे। धरने की अध्यक्षता बाबागंज उप खण्ड अधिकारी अजीत सिंह यादव ने किया।



कार्यालय पर धरना देते बिजली कर्मचारीगण।

# दुष्कर्म के दो वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना उदयपुर के प्रभारी निरीक्षक श्री विजयकान्त सत्यार्थी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 231/22 धारा 376, 506 भादवि व 4(2) पाक्सों एक्ट से संबंधित अभियुक्त मोनू सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह नि0 ग्राम टिकुरिया मजरा राजापुर थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र के ननौती बार्डर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

## दहेज हत्या के दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

उधर थाना लालगंज के उ0नि0 केशव प्रसाद मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 413/22 धारा 363, 366, 376, भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त करन पुत्र नागेश नि0 ग्राम संगम चैराहा थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ (मूल नि0 ग्राम बजराहा थाना माखी जनपद उन्नाव) को थाना क्षेत्र लालगंज के संगम चैराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। उधर थाना अन्तू से उ0नि0 अंकित सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र अन्तू के विद्यानगर मोड़ तिराहे के पास से मु0अ0सं0 404/2022 धारा-498ए, 304बी, 201 भारतीय दंड विधान व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम से संबंधित वांछित 02. अभियुक्त 01. अभय प्रताप वर्मा पुत्र छोटे लाल वर्मा 02. छोटे लाल वर्मा पुत्र स्व0 रामनाथ वर्मा नि0गण दक्खिन का पुरवा थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया।

# न्याय पंचायत नौडेरा में चौपाल लगाकर दी गई तकनीकी जानकारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उद्यान विभाग द्वारा न्याय पंचायत नौडेरा ब्लाक गौरा में चैपाल लगाकर औद्यानिक कार्यक्रमों की खेती करने एवं उसमें उत्पन्न होने वाले रोगों से बचाव की तकनीकी जानकारी देते हुये विभागीय योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। कृषकों द्वारा उद्यान विभाग से प्राप्त जानकारी से लाभान्वित होकर प्रसन्न दिखे और वैज्ञानिक विधि से औद्यानिक कार्यक्रमों की खेती करके अपनी आय दुगुना करने के बारे में उद्यान विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र सम्मिलित हुये। इसके अलावा चैपाल में किसान मोर्चा अध्यक्ष विजय मिश्रा, जिला उद्यान अधिकारी डा0 सीमा सिंह राणा व प्रभारी राजकुमार सहित दिलीप पाण्डेय, सुनील मौर्य, विनोद शुक्ला, गणेश प्रकाश पाण्डेय सहित लगभग 150 कृषक उपस्थित रहे।





चौपाल में किसानों को जानकारी देते अधिकारीगण।

## वकीलों ने किया न्यायिक काम काज का बहिष्कार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय सिविल कोर्ट में शुक्रवार को जेएम की कार्यशैली से नाराज वकीलों ने न्यायिक कामकाज का बहिस्कार किया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अध्यक्षता में हुई। आम सभा में आरोप लगाया गया कि सिविल जज वकीलों से अनुचित ब्यवहार कर रहे हैं। वकीलों के कार्य बहिष्कार के चलते न्यायिक काम काज बाधित दिखा। इससे वादकारी भी वापस लौटते दिखे। वकीलों ने समस्या के समाधान न होने पर सोमवार से आंदोलन की चेतावनी दी है। वहीं अध्यक्ष अनिल महेश व उपाध्यक्ष शहजाद अंसारी के साथ वकीलों ने जिला जज को संबोधित ज्ञापन सिविल जज कुवंर दिब्यदर्शी को सौंपा।

# दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का उठाये लाभ, करें आनलाइन आवेदन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सच्चिदानन्द तिवारी ने जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत आनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकते है।

आवेदन पत्र साइबर कैफे, निजी इण्टरनेट केन्द्र, लोकवाणी के माध्यम से स्थापित जनसुविधा केन्द्रों के माध्यम से किया जा सकेगा। उन्होने बताया है कि शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत दिव्यांग दम्पति को विवाह करने पर पुरूष के दिव्यांग होने पर प्रोत्साहन पुरस्कार 15 हजार रुपए एवं महिला के दिव्यांग होने पर 20 हजार रुपए तथा यदि दम्पत्ति (पति-पत्नी) दिव्यांग है तो 35 हजार रुपए पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया जाता है। इच्छुक पात्रता रखने वाले दिव्यांगजन आनलाइन आवेदन भरते समय आवेदक दम्पत्ति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटोग्राफ, आयु प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि का अंकन हो, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता आदि अभिलेख पूर्ण कर आनलाइन आवेदन कर हार्डकापी मय संलग्नों सहित कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतापगढ़ कक्ष संख्या 25 में जमा करा दें ताकि नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही की जा सके। किसी भी असुविधा हेतु कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते है। दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना हेतु आनलाइन आवेदन वेबसाइट पर कर सकते हैं।

## पंचायत भवन में लगा सोलर पैनल को खोल ले गए अज्ञात चोर

**प्रतापगढ़/परियावां।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत विकासखंड कालकांकर के कडरों ग्राम के पंचायत भवन कार्यालय की छत पर लगा सोलर पैनल को बीते बुधवार की बीती रात को अज्ञात चोर खोले गए। घटना की जानकारी मिलते ही ग्राम पंचायत अधिकारी आरपी यादव व ग्राम प्रधान रामप्यारे सरोज मौके पर पहुंचकर सोलर पैनल की चोरी के संदर्भ में आसपास के लोगों से पूछताछ किया लेकिन पता नहीं चल सका। गुरुवार की देर शाम को ग्राम प्रधान पंचायत अधिकारी ने नवाबगंज पुलिस कोचोरी की तहरीर दिया। नवाबगंज पुलिस ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच में जुटी है।

अखंड भारत संदेश
प्रयागराज, शनिवार
03. 12. 2022



# नाबालिंग दलित बालिका को भगाकर रेप करने वाला इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

## कोखराज थाना क्षेत्र की दलित नाबालिग बालिका के साथ 10 महीने पूर्व हुई थी वारदात

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** नाबालिग दलित बालिका को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया था रेप अपहरण के इनामी आरोपी को कोखराज पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन के क्रम में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा थाना कोखराज में पंजीकृत पॉक्सो एक्ट एवं एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित 25 हजार रुपए के इनामिया वांछित

### आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ने घोषित किया था 25 हजार रुपए का इनाम



पुलिस हिरासत में इनामी अभियुक्त।

अभियुक्त गामा पटेल पुत्र राम सिंह पटेल निवासी सुखऊ का पुरवा मजरा हिसामपुर परसखी थाना कोखराज को भरवारी रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

अपहता सुमन परिवर्तित नाम उम्र लगभग 16 वर्ष को आरोपी गामा पटेल पुत्र राम सिंह पटेल द्वारा 10 माह पूर्व शादी का झासा देकर अपने साथ भगा ले जाना तथा शारीरिक सम्बन्ध बनाना पीडिता उपरोक्त के गर्भवती होने के पश्चात जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये गाली गलौच देते हुये मारना पीटना व जान से मारने की धमकी देते हुए पीडिता को गांव छोड़ जाना के मामले में मुकदमा पंजीकृत हुआ था जिसकी शिकायत लेकर आरोपी के घर जाने पर मुकदमा वादी व पीड़िता को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग व गाली गलौच देते हुये घर से भगा देने के मामले में मुकदमा पंजीकृत होने के बाद आरोपी फरार चल रहा था जिस पर पुलिस अधिकारियों ने नाम घोषित किया इनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## शिक्षण संस्थान मंझनपुर द्वारा मनाया गया विश्व एड्स दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** विश्व एड्स दिवस कार्यक्रम का आयोजन जन शिक्षण संस्थान में किया गया संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे ने एचआईवी से संबंधित तथा रोकथाम के बारे में विस्तार पूर्वक बताया इसी क्रम में विकास हॉस्पिटल के डॉक्टर कमल यादव ने एचआईवी एड्स कैसे फैलती है इसको कैसे रोका जाए तथा संक्रमित होने के लक्षण क्या-क्या है और इसकी रोकथाम कैसे किया जा सकता हैं तथा एचआईवी एड्स एक लाइलाज बीमारी है बचाव ही इसका उपचार है आइए हम सब संकल्प लेते हैं कि एड्स जैसी लाइलाज बीमारी से बचाव के लिए हम स्वयं परिवार तथा आसपास के लोगों को जागरूक करेंगे संस्थान के सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा सुकेश कुमार वैशाली केसरवानी राजू शुक्ला सतीश केसरवानी करिश्मा वंशिका रजनी रोशनी श्रेया ममता रूपा आदि लोग मौजूद रहे।

# भरभरा कर गिरा दलित परिवार का कच्चा मकान बाल बाल बचा परिवार

## तमाम प्रयास के बाद भी झोपड़पट्टी में रहने वाले गरीबों को नहीं मिल सका प्रधानमंत्री आवास का लाभ

**अखंड भारत संदेश**

**करारी कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के कौशांबी ब्लाक के अंतर्गत मालीपुर उर्फ महाराजगंज में गरीब परिवार का मकान भरभरा कर गिर गया है जिससे गरीब की पूरी गृहस्थी मकान के मलबे में दब गई है।

गरीब के मकान गिर जाने के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना की धांधली की हकीकत एक बार खुलकर फिर सामने आ गई है यदि प्रधानमंत्री आवास योजना का संचालन निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हुआ होता तो गरीब के पास पक्का आवास होता और आज यह दुर्दिन के दिन उसे ना देखने पड़ते लेकिन तमाम प्रयास के बाद भी गरीब को पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिल सका जिससे मजबूर होकर वह झोपड़ी नुमा आवास में जीवन गुजार रहा था। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के



गिरे मकान के बाहर खड़े परिजन।

अंतर्गत मालीपुर उर्फ महाराजगंज का गरीब बोधे गौतम मजदूरी कर कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है बोधे गौतम कई सालों से अपने यही कच्चा मकान में अपने परिवार के साथ रहता था शुक्रवार की सुबह करीब 6:00 बजे अचानक गरीब का आशियाना ढह गया पीड़ित परिवार का कहना है की कई सालो से अधिकारियों का दरवाजा खटखटाते है आज तक पीड़ित परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल सका पीड़ित परिवार का कहना है कि अगर सीडीओ इसकी निष्पक्ष जांच कराते हैं तो पीड़ित परिवार को जरूर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल सकेगा।

# चोरी के सामान के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**



पुलिस हिरासत में चोरी के अभियुक्त।

**कौशाम्बी।** 28 व 29 नवम्बर 2022 की रात्रि को बरई बधवा पंचायत भवन में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना करारी पर मुकदमा पंजीकृत कर घटना के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया था। इस क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना करारी पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर प्रकाश में आये तीन अभियुक्तों ज्ञान चन्द्र पुत्र राम अवतार निवासी चकगुरैनी थाना पश्चिम शरीरा धर्मेन्द्र पुत्र रमेश व काली चरन पुत्र हुबलाल निवासीगण बरई बंधवा थाना करारी को बरई बधवा नहर पुलिया से चोरी का 1500 रुपए बैटरा यूपीएस तथा घटना में प्रयुक्त शब्दल (बल्लम) बरामद कर गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

# शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई नेट परीक्षा

## जनपद के सभी 1092 परिषदीय स्कूलों में नामांकन के सापेक्ष 80 प्रतिशत छात्रों की परीक्षा में रही उपस्थिति

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** परिषदीय स्कूलों में आयोजित नेट की परीक्षा शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई है महानिदेशक स्कूल शिक्षा के आदेश दिनांक 28 नवम्बर के अनुपालन में जनपद कौशांबी में निपुण एसेसमेंट टेस्ट नेट परीक्षा का आयोजन 02 दिसम्बर को जनपद के सभी परिषदीय स्कूलों में किया गया था इस परीक्षा को दो पाली में आयोजित किया गया कक्षा 1 से 3 तक सुबह 9:30 से 12:30 तक तथा कक्षा 4 से 8 तक 12:30 से 2:00 तक परीक्षा आयोजित की गई अधिकारियों की कड़ी देखरेख में नेट की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हो गई।उक्त परीक्षा को समयबद्ध गुणवत्ता युक्त व नकलविहीन सम्पन्न कराने हेतु कुल 108



नेट परीक्षा में शामिल परीक्षार्थी।

अधिकारी की नियुक्ति डीएम द्वारा की गई थी जिसमे जिलाधिकारी के द्वारा नामित जिलास्तरीय 54, तथा प्राचार्या डाइट , बी, एस, ए, चार वरिष्ठ प्रवक्ता एवम दो एस आर जी, और 40ए आर पी के सुपरविसीजन में तथा 1092 पर्यवेक्षक की उपस्थिति में कौशांबी जनपद के सभी 1092 परिषदीय स्कूलों में नामांकन के सापेक्ष लगभग 80 प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति में ठअळ-1 परीक्षा सकुशल संपन्न हो गई।

# एसपी द्वारा साप्ताहिक परेड की ली गई सलामी

## पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देश



परेड की सलामी लेते एसपी।

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार को परेड की सलामी ली गयी तदुपरान्त निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया तथा बेहतर टर्नआउट वाले पुलिसकर्मियों की प्रशंसा की गई साथ ही परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया । तत्पश्चात पुलिसकर्मियों में शारीरिक दक्षता विकसित करने हेतु दौड़ लगवाई गयी पुलिस लाइन स्थित समस्त शाखाओ क्वार्टर गार्ड पीआरवी वाहनों, डायल-112 एवं एमटी शाखा का निरीक्षण कर क्वार्टर गार्ड स्थित गार्द की सलामी ली गयी।

# दोषी कोटेदार पर कार्रवाई न होने पर डीएम से फिर मिले ग्रामीण

## महीनों बाद भी कोटेदार पर कार्रवाई ना होने से पूर्ति निरीक्षक पर कोटेदार से सांठगांठ का लगा आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के विकासखंड नेवादा अंतर्गत हासिमपुर किनार ग्राम पंचायत के कोटेदार द्वारा घटतौली किए जाने कोटेदार द्वारा पूरे महीने का राशन गायब कर कार्ड धारकों को न दिए जाने कालाबाजारी किए जाने सहित तमाम गंभीर आरोप की शिकायत डीएम से किए जाने के बाद मामले में डीएम ने पूर्ति विभाग को जांच करने के निर्देश दिया डीएम के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक गांव पहुंची कार्ड धारकों का बयान दर्ज किया आरोपों की पुष्टि हुई पूर्ति कार्यालय ने कोटेदार को नोटिस जारी कर दी लेकिन उसके बाद डेढ़ महीने का समय बीत चुका है और दोषी कोटेदार पर कठोर कार्रवाई नहीं की गई है सूत्रों की माने तो कोटेदार से पूर्ति निरीक्षक ने सांठगांठ कर ली है जिससे जिलाधिकारी के निर्देश पर कराई गई जांच के बाद भी दोषी कोटेदार पर कार्रवाई होती नहीं दिख रही है पूर्ति बिभाग द्वारा कार्यवाही में लापरवाही बरते जाने से आक्रोशित ग्रामीण शुक्रवार को फिर जिलाधिकारी से मिले हैं पूर्ति निरीक्षक और कोटेदार के साठगांठ की बात बताते हुए दोषी कोटेदार पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मोहब्बतपुर पइन्सा पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त उमेश कुमार उर्फ बिस्कुट पुत्र स्व शीतल प्रसाद निवासी ग्राम उदहिन बुजुर्ग थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को ग्राम मोगरीकड़ा जगन्नाथपुर नहर पुलिया के पास से 500 ग्राम नाजायज गाजा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही

# नहरों की सिल्ट सफाई की स्थलीय जांच अन्य विभाग के उच्चाधिकारियों की टीम द्वारा कराई जाएः अजय सोनी

## नहरों की सिल्ट सफाई में हो रही खानापूर्ति को लेकर सड़क पर उतरे सकिपा कार्यकर्ता, सिंचाई मंत्री के नाम जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के दर्जनों कार्यकताओं ने गुरुवार को नहरों की सिल्ट सफाई में की जा रही खानापूर्ति को लेकर जिला मुख्यालय की सड़को में विरोध प्रदर्शन किया और सिंचाई विभाग फतेहपुर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही जिला प्रशासन के माध्यम से प्रदेश के सिंचाई मंत्री को एक पांच सूत्रीय ज्ञापन भेजा।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को समर्थ किसान पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता जिला कार्यालय मंझनपुर में उपस्थित हुए और मासिक बैठक की। बैठक की अध्यक्षता पार्टी नेता अजय सोनी ने की। बैठक में नहरों की सिल्ट सफाई में हो रही खानापूर्ति का मुद्दा



ज्ञापन सौपते समर्थ किसान पार्टी नेता।

छाया रहा। इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए अजय सोनी ने कहा कि सिंचाई विभाग फतेहपुर द्वारा कौशांबी की निचली गंगा नहर एवं रामगंगा नहर की पश्चिमी इलाहाबाद शाखा में कई माइनर में चल रहे सिल्ट सफाई के काम में पूरी तरह से खानापूर्ति की जा रही है और सिर्फ दिखावे के लिए कहीं कहीं नहर में सिल्ट सफाई कराई जा रही है, बाकी शेष भाग ठेकदारों द्वारा छोड़ दिया जा रहा है। इससे नहरों में पानी छोड़े जाने पर पटरी के कट जाने का खतरा हो सकता है ' साथ ही सिल्ट सफाई में मिट्टी को बाहर नहीं फेंका जा रहा और नहर की तली में ही उसे छोड़ दिया जा रहा है जिससे पटरियों की मरम्मत नहीं हो पा रही है। इसे कत्तई बर्दाश्त नही किया जायेगा।

इसके बाद जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए पार्टी कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और मौके पर मौजूद रहे अपर जिलाधिकारी जयचंद पांडेय को सिंचाई मंत्री के नाम एक पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में निविदा के अनुसार जितने किमी तक रामगंगा नहर के सिराथू माइनर, परसीपुर माइनर एवं निचली गंगा नहर के गंभीरा माइनर में सिल्ट सफाई काम किए जाने का आदेश हुआ है, उतना पूरा काम कराया जाए, छोड़ दिए गए सिल्ट सफाई कार्य को पूरा कराए जाने के पूर्व इन नहरों की रजबहों में जलापूर्ति न की जाए, ठेकेदारों द्वारा सिल्ट सफाई का पूरा कार्य कराए जाने के पहले उनको सिल्ट सफाई का वित्तीय भुगतान न किया जाए, उपरोक्त सभी सिल्ट सफाई कार्यों की अन्य विभाग के उच्च अधिकारियों की टीम गठित कर स्थलीय जांच कराए जाने जैसी मांगे शामिल थीं। ज्ञापन स्वीकार करते हुए अपर जिलाधिकारी जयचंद पांडेय ने ज्ञापन सिंचाई मंत्री (उत्तर प्रदेश सरकार) को भेजे जाने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर प्रेमचंद केसरवानी, शैलेंद्र मिश्रा, भगवान दास सोनी, मुन्ना पटेल, भैयालाल पटेल, फूलसिंह यादव, बबलू केसरवानी, परिहार सिंह लोधी, अमृत लाल गौतम आदि मौजूद रहे।

# दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त सुरेश चंद्र यादव पुत्र बांकेलाल यादव निवासी कादिराबाद थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना कौशांबी पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त घिलई उर्फ घेलई उर्फ इंद्रकुमार पुत्र अशोक निषाद निवासी लोहकट थाना कौशाम्बी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा वारन्टी अभियुक्त शमशाद अली पुत्र मोहर्रम अली निवासी घोसिया थाना सराय अकील को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त एजाज अहमद पुत्र अंसार अहमद निवासी जाफरपुर महावां थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# विधायकी गई लेकिन नहीं हुई हनक कम

## ओवरलोड बालू गिट्टी के परिवहन लगे जीआरएल ब्रांड के ढाई दर्जन से अधिक 14 चक्का वाहनों पर कार्यवाही करने से क्यों भय खाते हैं अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले में ओवरलोड वाहनों का काफिला बेखौफ तरीकों से सड़कों पर दौड़ रहा है इन दिनों सड़कों पर जीआरएल ब्रांड के ढाई दर्जन से अधिक 14 चक्का वाहन बेखौफ तरीके से सड़को पर दौड़ रहे हैं थाना पुलिस चौकी पुलिस एआरटीओ यातायात पुलिस से लेकर खनन अधिकारी तक इस ब्रांड के वाहनों को पकड़ कर सीज करने का साहस नहीं कर पा रहे हैं आखिर ओवरलोड बालू गिट्टी लेकर चलने वाले इन वाहनों पर अधिकारी कानून का पाठ क्यों नहीं पढ़ा रहे हैं आखिर किसका दबाव है कार्यवाही करने का साहस अधिकारी क्यो नहीं कर पा रहे हैं बताया जाता है कि एक पूर्व विधायक की विधायकी चली जाने के बाद भी पूर्व विधायक की हनक के आगे अधिकारी उनके और उनके रिश्तेदार परिजनों के गलत वाहन संचालन पर कार्यवाही करने का साहस नहीं कर पा रहे हैं एक तरफ योगी सरकार ओवरलोड वाहनों पर कठोर कार्रवाई करने का निर्देश अफसरों को दे रही है लेकिन उनके पूर्व विधायक योगी सरकार के निर्देशों की धज्जियां उड़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं इतना ही नहीं पूर्व विधायक के हनक के आगे अधिकारी नतमस्तक दिखाई पड़ रहे हैं।

## दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा वारन्टी अभियुक्त शमशाद अली पुत्र मोहर्रम अली निवासी घोसिया थाना सराय अकील को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त एजाज अहमद पुत्र अंसार अहमद निवासी जाफरपुर महावां थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# प्रदीप कुमार मिश्र अध्यक्ष और यज्ञेश कुमार द्विवेदी बने मंत्री

## निर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप मिश्र ने अपने उद्बोधन में संस्कृत के संरक्षण के साथ संस्कृत शिक्षकों के हित के लिए सतत संघर्ष करने का लिया संकल्प

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** श्री दुर्गा देवी संस्कृत उ मा विद्यालय मंझनपुर में माध्यमिक संस्कृत शिक्षक कल्याण समिति, उप्र की जनपदीय इकाई का गठन हुआ जिसमें निर्वाचन अधिकारी डॉ.रवींद्र नाथ शुक्ल(अध्यक्ष उप्र) एवं पर्यवेक्षक श्री काशी प्रसाद पांडेय पूर्व मंत्री कौशांबी के समक्ष निर्वाचन सम्पन्न हुआ। जिसमें जनपद के समस्त स्थाई और अस्थाई शिक्षकों ने सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष पद हेतु प्रदीप कुमार मिश्र प्रधानाचार्य श्री दुर्गा देवी संस्कृत उ मा विद्यालय उपाध्यक्ष राजकुमार मिश्र मंत्री यज्ञेश कुमार द्विवेदी कोषाध्यक्ष कुलदीप



निर्वाचित शिक्षकों को माल्यार्पण कर स्वागत करते साथी शिक्षक।

कुमार पांडेय प्रवक्ता अनुज कुमार उपमंत्री सच्चिदानंद त्रिपाठी केंद्रीय प्रतिनिधि में बृज बिहारी मिश्र एवं सुनील कुमार द्विवेदी को चुना गया। निर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप मिश्र ने अपने उद्बोधन में संस्कृत के संरक्षण के साथ संस्कृत शिक्षकों के हित के लिए सतत संघर्ष करने का संकल्प किया अन्य अधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। निर्वाचन अधिकारी डॉ.रवींद्रनाथ शुक्ल ने संस्कृत विद्यालयों की दशा और दिशा सुधारने हेतु आजीवन संघर्ष करने की बात कही। पर्यवेक्षक काशी प्रसाद पांडेय ने सफलतापूर्वक मतदान एवं निर्वाचित नए पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर शिक्षक संतोष कुमार पांडेय नीरज मिश्र डॉ. ज्ञानेश्वर त्रिपाठी मुकेश चंद्र त्रिपाठी मधुसूदन मिश्र मनीष कुमार स्वतंत्र कुमार पांडेय आनंद कुमार त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे।

# सहयोगात्मक पर्यवेक्षण एवं सहयोग एप के लिए दो द्विवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** सहयोगात्मक पर्यवेक्षण एवं सहयोग एप के लिए कौशाम्बी जिले के सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों एवं मुख्य सेविकाओं के लिए दो द्विवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता के निर्देशन में किया गया, कार्यक्रम का शुभारम्भ 01 दिसम्बर को मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षक के रूप में बाल विकास परियोजना अधिकारी, सिराथू मनोज कुमार एवं टी०एस०यू० प्रतिनिधि अमित मिश्रा रहे। प्रशिक्षण के द्वारा कार्यकताओं के कार्यों को गुणवत्तापूर्वक करने एवं उनके क्षमता वर्धन कर उसे निरन्तर प्रोत्साहित कर कार्य कैसे प्रभावी ढंग से सफलतापूर्वक सम्पन्न कर सकते हैं इस बारे में जानकारी दी गई टी०एस०यू० के प्रतिनिधि अमित मिश्रा द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सहयोग एप्लीकेशन के फीचर्स तथा उसके फायदे के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में प्रेक्टिस सत्र के दौरान सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं मुख्य सेविकाओं को एप्लीकेशन में जोड़ा गया एवं कार्य कैसे करने हैं बताया गया प्रशिक्षण के दौरान सभी परियोजना में बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं मुख्य सेविकाएं, टी०एस०यू० प्रतिनिधि अमित मिश्रा, टी०एस०यू० के बी०ओ०सी० कविता निषाद एवं रामरती उपस्थित रही।

# चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 113 वाहनों का ई-चालान किया गया।

# चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 113 वाहनों का ई-चालान किया गया।

# निरोधात्मक कार्यवाही में 11 अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना पश्चिम शरीरा से तीन थाना मंझनपुर से तीन थाना सैनी से तीन थाना कोखराज से एक थाना सरायअकिल से एक कुल 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## संपादकीय

# हिंद प्रशांत क्षेत्र में भारत के शांति प्रयास

**हिंद** प्रशांत क्षेत्र में भारत द्वारा किए जा रहे शांति प्रयास महत्वपूर्ण हैं। विश्व स्तर पर इन प्रयासों की सराहना हो रही है। इस मसले पर चीन अकेला पड़ता जा रहा है। अमेरिका ने इस क्षेत्र में भारत के साथ साझा प्रयास करने का संकल्प व्यक्त किया। इसके बाद आसियान देशों का भी भारत को समर्थन मिला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गणतंत्र दिवस पर आसियान देशों को आमंत्रित कर चुके हैं। आसियान के दस राष्ट्राध्यक्ष गणतंत्र दिवस में मुख्य समारोह के गवाह बने थे। यह विदेश नीति का नायाब प्रयोग था। इसने आसियान के साथ भारत के आर्थिक, राजनीतिक, व्यापारिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रिश्तों का नया अध्याय शुरू किया था। महत्वपूर्ण यह था कि सभी देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने भारत के निमंत्रण को स्वीकार किया। एक्ट ईस्ट की नीति कारगर ढंग से आगे बढ़ी। चीन विश्वास के लायक नहीं है। इसलिए मोदी ने आसियान देशों के साथ रिश्ते सुधारने पर बल दिया। मोदी की इस नीति से चीन के वर्चस्ववादी रुख को धक्का लगा। इनमें से अनेक देश चीन की विस्तारवादी नीति को पसंद नहीं करते। यह बात आसियान में सामान्य सहमति का विषय है। केवल इसके लिए किसी को पहल करने की आवश्यकता थी। मोदी ने साहस के साथ पहल की। भारत और आसियान देशों के बीच अति प्राचीन सामाजिक व सांस्कृतिक रिश्ते रहे हैं। कई आसियान देशों में बौद्ध बहुसंख्यक हैं। सिंगापुर में तो नब्बे प्रतिशत आबादी बौद्धों की है। इसके अलावा इन सभी देशों में रामकथा व्यापक रूप से प्रचलित है। यहां के राजकीय प्रतीकों में रामायण से संबंधित चिह्न मिलते हैं। इंडोनेशिया के मुसलमान भी रामायण संस्कृति पर विश्वास करते हैं। उन्होंने उपासना पद्धति बदली है, लेकिन अपनी सांस्कृतिक विरासत को नहीं छोड़ा। रामलीला का मंचन वहां लोकप्रिय है। ये सब भारत और आसियान देशों के बीच रिश्तों को मजबूत बनाने वाले हैं। एक्ट ईस्ट नीति की एक अन्य कारण से भी आवश्यकता थी। वह यह कि आसियान का विस्तार भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की सीमा तक हो गया था। म्यांमार, कम्बोडिया,लाओस और वियतनाम आसियान के सदस्य बने थे। इससे आसियान भारत के ज्यादा करीब हो गया। स्थापना के समय भारत से इसकी सीमा दूर थी। तब इंडोनेशिया, मलेशिया,फिलीपींस, थाईलैंड, सिंगापुर इसके सदस्य थे। ब्रुनेई, वियतनाम,म्यांमार बाद में सदस्य बने थे। इसीलिए मोदी ने आसियान को लेकर नीति में बदलाव किया। आसियान के केंद्र में शांतिपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र दुनिया की सुरक्षा और समृद्धि के लिए पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

## चीन की अनावश्यक चिंता

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

**भारत**, चीन और अमेरिका के बीच आजकल जो कहासुनी चल रही है, वह बहुत मजेदार है। उसके तरह-तरह के अर्थ लगाए जा सकते हैं। चीन सरकार के प्रवक्ता ने बयान देकर कहा है कि उत्तराखंड में भारत-चीन सीमा पर अमेरिकी और भारतीय सेना का जो युद्धाभ्यास चल रहा है, वह बिल्कुल अनुचित है और वह 1993 और 1996 के भारत-चीन समझौतों का सरासर उल्लंघन है। सच्चाई तो यह है कि मई 2020 में चीन ने गलवान-क्षेत्र में अपने सैनिक भेजकर ही उक्त समझौतों का उल्लंघन कर दिया था। वास्तव में भारत-अमेरिका का यह युद्धाभ्यास चीन विरोधी हथकंडा नहीं है। दोनों राष्ट्र इस तरह के कई युद्धाभ्यास जगह-जगह कर चुके हैं। यह चीन को धमकाने का कोई पैंतरा भी नहीं है। यह तो वास्तव में हिमालय क्षेत्रों में अचानक आने वाले भूंकप, बाढ़, पहाड़ों की टूटन, जमीन फटने जैसी विपत्तियों का सामना करने का पूर्वाभ्यास है। प्राकृतिक संकट से ग्रस्त लोगों की मदद के लिए अस्पताल तुरंत कैसे खड़े किए जाएं, हेलिपेड कैसे बनाए जाएं, पुल और सड़कें आनन-फानन कैसे तैयार किए जाएं और घायलों की जीवन रक्षा कैसे की जाए, इन सब कामों का अभ्यास ये दोनों सेनाएं मिलकर कर रही हैं। यह सब क्रिया-कर्म चीन की सीमा से लगभग 100 मील दूर भारत की सीमा में हो रहा है लेकिन लगता है कि चीन इसीलिए चिढ़ा हुआ है कि अमेरिका के साथ उसके संबंध आजकल काफी कटुताभरे हो गए हैं। यह तथ्य चीन के प्रवक्ता के इस कथन से भी सत्य साबित होता है कि अमेरिका की कोशिश यही है कि भारत और चीन के रिश्तों में बिगाड़ हो जाए। चीन नहीं चाहता कि उसके पड़ोसी भारत के साथ उसके रिश्ते खराब हों। यदि सचमुच ऐसा है तो चीन के शासकों से पूछा जाना चाहिए कि हिंद महासागर क्षेत्र में चीन अपने जंगी जहाज क्यों अड़ाए रखता है? वह श्रीलंका, मालदीव, म्यांमार और नेपाल में भी अपना सामरिक वर्चस्व कायम करने की कोशिश क्यों कर रहा है? पाकिस्तान तो चीनी मदद के दम पर ही भारत पर खम ठोकता रहता है। क्या वजह है कि चीन का 2021 का फौजी बजट, जो कि 209 बिलियन डॉलर का था, वह भारत, जापान, दक्षिण कोरिया और ताइवान के कुल बजटों के जोड़ से भी ज्यादा था। चीन का एक तरफ यह कहना कि वह भारत से अपने संबंध अच्छा बनाना चाहता है और दूसरी तरफ वह अपने अमेरिका विरोधी रवैये को बीच में घसीट लाता है। भारत की नीति तो यह है कि वह अमेरिका और चीन तथा अमेरिका और रूस के झगड़ों में तटस्थ बना रहता है। न तो वह चीन विरोधी और न ही वह रूस विरोधी बयानों का समर्थन करता है। अमेरिका से उसके द्विपक्षीय संबंध शुद्ध अपने दम पर हैं। इसीलिए चीन का चिंतित होना अनावश्यक है।

**(लेखक, भारतीय विदेश नीति परिषद के अध्यक्ष हैं।)**

# इसे न समझें नक्सलियों के गढ़ का 'अर्द्ध सत्य'

**लाल** आतंक कहें या माओवाद। इनका हार्डकोर संगठन वीर जनमुक्ति गुरिल्ला सेना (पीएलजीए) 22 वर्ष का हो गया। इसको यूं भी कह सकते हैं कि दरिंदगी की हदें 22 साल से पार हो रही हैं। हर साल माओवादी पीएलजीए के गठन को याद करने लिए 02 दिसंबर से 08 दिसंबर तक पीएलजीए सप्ताह मनाते हैं। प्रभावित क्षेत्रों में पर्चा फेंकते ही चारों तरफ सन्नाटा पसर जाता। आतंक के साये में जी रहे लोग इनके हर हुकुम के आगे अपना सिर झुकाने को मजबूर हो जाते हैं। हालांकि हमारे बहादुर सैनिकों ने बहुत हद तक इनको नियंत्रित किया है। इनकी कमर टूट चुकी है, लेकिन अब भी इनकी कायराना हरकत सभी को कभी-कभी चकित कर देती है।

माओवादी समस्या दरअसल आतंकवादियों की अपेक्षा जटिल है। इसे समझने की जरूरत है। यह भी सत्य है कि माओवाद समाप्त करने के लिए केंद्रीय फोर्स और स्थानीय पुलिस बल मलेरिया की दवा कुनैन के समान है, जो रोग होने पर उससे निदान के काम तो आती है, लेकिन मलेरिया बुखार न हो, इसके लिए जरूरी है कि मच्छरों को ही समूल नष्ट कर दिया जाए। इसलिए इस विचारधारा को पनपने से रोकने के लिए बहुत सारे कदम उठाने की जरूरत है।

लाल सलाम करने वालों की स्थिति इस समय कैसी है, यह उनके 07 नवंबर को जारी 27 पेज के पत्र से जाहिर होती है। इसमें लिखा है कि 11 महीनों के अंदर (दिसंबर 2021 से नवंबर 2022 तक) देशभर में 132 माओवादी मारे गये। इसमें सबसे अधिक कामरेड 89 दंडकारण्य क्षेत्र में मारे गए हैं (बस्तर संभाग व छत्तीसगढ़ के बार्डर महाराष्ट्र और तेलंगाना के बार्डर को मिलाकर माओवादियों ने एक डिविजन दंडकारण्य के नाम से बनाया है।)। इसके अलावा एक माओवादी सेंट्रल रीजनल बल से, बिहार-झारखंड में 17, पश्चिम बंग में एक, तेलंगाना में 15, आंध्र प्रदेश में एक, ओडिशा में तीन कामरेड, पश्चिम घाटियों में एक कामरेड, महाराष्ट्र-मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में तीन कामरेड 11 माह के भीतर मारे गये हैं। इसमें केंद्रीय कमेटी के सदस्य दीपक को बचाने में ही 27 माओवादी पारेवा मुठभेड़ में मारे गए। यहां यह महत्वपूर्ण है कि माओवादियों के समूल नाश के लिए केंद्र सरकार ने मई 2017 में पांच वर्ष की समय सीमा रखकर समाधान योजना प्रारंभ की थी इस पत्र में ही लिखा है कि माओवादियों (2017 से) ने इस दौरान पूरे भारत में 1300 से अधिक गुरिल्ला कार्रवाई की। इसके माध्यम से पांच सालों में 429 जवान शहीद हो गए। वहीं 966 जवान घायल हुए। इस दौरान 40 लोगों को माओवादियों ने मारा। यही नहीं 409 जन सामान्य की भी नृशंस हत्या कर दी। उसमें से ज्यादातर आदिवासी समाज से ही हैं। 300 जगहों पर संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। एक साल में माओवादियों ने 200 बार आतंक फैलाया। इनमें 31 जवान शहीद हुए। 154 जवान घायल हुए। 69 सामान्य लोगों को मार दिया गया।



दरअसल मच्छर रूपी माओवाद की समस्या को मूल जड़ से समाप्त करने के लिए सरकार को पहले स्थानीय स्थितियों को समझना होगा। इसके बाद वहां के स्थानीय लोगों में गहरी पैठ बनाने के लिए अपने स्थायी लोग रखने होंगे। अब वहां की समस्या के बारे आप इसी से समझ सकते हैं कि छत्तीसगढ़ का कांकेर जिले का आमाबेड़ा क्षेत्र जिला मुख्यालय से महज 15 किलोमीटर की दूरी पर है। उस क्षेत्र में आज भी ऐसे गांव हैं, जहां के लोग हिंदी बोलना तो दूर छत्तीसगढ़ी भी नहीं बोल पाते।

दरअसल मच्छर रूपी माओवाद की समस्या को मूल जड़ से समाप्त करने के लिए सरकार को पहले स्थानीय स्थितियों को समझना होगा। इसके बाद वहां के स्थानीय लोगों में गहरी पैठ बनाने के लिए अपने स्थायी लोग रखने होंगे। अब वहां की समस्या के बारे आप इसी से समझ सकते हैं कि छत्तीसगढ़ का कांकेर जिले का आमाबेड़ा क्षेत्र जिला मुख्यालय से महज 15 किलोमीटर की दूरी पर है। उस क्षेत्र में आज भी ऐसे गांव हैं, जहां के लोग हिंदी बोलना तो दूर छत्तीसगढ़ी भी नहीं बोल पाते। ऐसे में वे प्रशासनिक अधिकारियों से अपने दर्द को कैसे बयां कर सकते हैं। वहां ऐसे कई गांव हैं, जहां पर प्रशासन को पहुंचने में 12 से 15 घंटे लग जाते हैं।

यहां सिर्फ किसी तरह साइकिल या बाइक ही जा सकती है। प्रशासन की क्षमता अकेले जाने की नहीं होती। यदि पूरी फोर्स वहां पहुंचती है तो हर कदम पर खतरा मंडरा रहा होता है। यहां पुलिस व माओवादियों में अंतर यह हो जाता है कि माओवादियों के सचिव स्तर के पदाधिकारी के लिए अनिवार्य योग्यता ही चार भाषाओं का ज्ञाता होना जरूरी है। एक जिस क्षेत्र में उसकी नियुक्ति है, उस क्षेत्र की स्थानीय भाषा के साथ ही हिंदी और अंग्रेजी की जानकारी भी चाहिए। स्थानीय भाषा के जानकार होने से वे स्थानीय लोगों के साथ आसानी से घुल-मिल जाते हैं।

वहीं पुलिस को वहां के लोगों का दर्द समझने के लिए एक द्विभाषिया की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में सवाल यह है कि पुलिस स्थानीय लोगों के साथ कैसे घुल-मिल सकती है।

हां, यह कहा जाता है कि जो दिखता है, वह हमेशा सच नहीं होता। यह बात माओवादी क्षेत्रों में सच साबित होती है। यही कारण है कि बाहर से उस क्षेत्र में जाकर विशेष खबर देने वाले पत्रकार भी कभी हकीकत को उजागर ठीक से नहीं कर पाते। इसका कारण है कि उनकी रिपोर्ट वहां के स्थानीय लोगों से बातचीत पर आधारित पर होती है। आप सोच सकते हैं कि जो बंदूक की नाल पर पर हमेशा सांस ले रहा हो, वह कैसे सच बता सकता है। हकीकत होती है कि यदि कोई रिपोर्टिंग करने गया तो वहीं सामान्य वेश में दस लोगों के बीच कोई माओवादी जरूर होता है। उदाहरण के तौर पर आप उनसे पूछिये, क्या इस बीच माओवादी इस क्षेत्र में देखे गये हैं। उनका यही जवाब होता है, वर्षों से देखे नहीं गये, जबकि हकीकत है कि उस क्षेत्र में हर दिन आते-जाते रहते हैं।

ऐसी ही तमाम मुद्दों पर वहां के स्थानीय लोगों से पत्रकार चर्चा करके आ जाते हैं और वहां की असली हकीकत से कभी रूबरू नहीं हो पाते। यदि आपको वहां के हकीकत से रूबरू होना है तो वहां आपको वर्षों गुजारने होंगे। किसी भी व्यक्ति की बातों पर नहीं, उनकी आंखों को देखकर, उनकी भावना को समझकर आपको वहां की हकीकत जाननी होगी।

माओवादी क्षेत्र में रहने वाले लोगों के सामने एक तरफ खाई तो दूसरी तरफ पहाड़ है। दोनों के बीच हमेशा उनकी जिंदगी खतरे में पड़ी रहती है। यदि एक पुलिस वाला उनसे बात कर लेता है तो शक में माओवादी उन्हें मौत के घाट उतार देते हैं। कहते हैं, यह पुलिस का मुखबिर था। इधर पुलिस उन्हें हमेशा शक के दायरे में रखती है कि यह जनताना सरकार का सदस्य होगा और कई बार यह हकीकत भी होती है कि उन्हीं आम आदमियों के बीच माओवादियों का मुखबिर भी छिपा होता है, जिसे उस गांव के लोग भी नहीं जानते। इसकी हकीकत का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि एक बार मैं छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में माओवादियों से पूरी तरह प्रभावित सीतरम इलाके में गया था। वहां जाने के लिए एक नदी को पार करना पड़ा। नदी पार करते ही माओवादियों के स्मारक दिखने लगते हैं। वहां प्रवेश करते ही मैं चारों तरफ से घिर गया। इसके बाद मैंने अखबार से बताया तो कुछ राहत मिली। कई लोगों से बातचीत की। एक ने कहा कि यहां माओवादियों की गतिविधियां लंबे समय से शून्य हैं। और इस बातचीत के ठीक तीन दिन बाद यह व्यक्ति पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया। यदि आतंकवादियों और माओवादियों की तुलना करें तो माओवादी आतंकवादियों की अपेक्षा ज्यादा घातक हैं। आतंकवादी तो पहचान में आ जाएंगे, क्योंकि वे हमेशा आमने-सामने की लड़ाई करते हैं, जबकि माओवादी हमेशा कायरों की भांति छिपकर गुरिल्ला युद्ध करते हैं। जब अकेले पाते हैं तो पीठ में छुरा भोंक कर चले जाते हैं। माओवादियों की पहचान करना भी बड़ा मुश्किल है। इस कारण इनसे लड़ाई इन्हीं की भाषा में ही की जा सकती है।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# भोपाल गैस त्रासदी के हुए 38 साल

**श्याम**

**2-3** दिसम्बर 1984 की रात लोगों के लिए एक मौत का मंजर लेकर आया था उस रात हवा में मौत बह रही है जो उस हवा के संपर्क में आये उसे पल में मौत के आगोश में लेने को आतुर थी । आज भी वह खौफनाक रात को याद कर सिहर जाते है लोग ! जी हाँ मैं उस त्रासदी के बारे में ही बताने जा रहा हूँ दुनिया की सबसे बड़ी त्रासदी के रूप में इतिहास के पन्नो में दफन है । वह मंजर को याद करने से लगता है जैसे उस रात मौत का कहर लोगो को ग्रास बनाने के लिए लोगो के पीछे दौड़ रहा था । किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था कि क्या करें, कहाँ जाए । बस लोग अपनी जान बचाने के लिए दौड़े जा रहे थे और जहरीली गैस की चपेट में आकर अपना दम तोड़ते जा रहे थे । उस काली रात ने लोगो के जीवन की साँसे छीन ली थी, जिधर देखो उधर लाशो का ढ़ेर नजर आ रहा था । पशु-पक्षी, मनुष्य सब के सब लाशो के ढेर दिखाई दे रहे थे । ऐसा लग रहा था जैसे यहाँ मौत का तांडव चल रहा हो। उस रात जहरीली हवा के संपर्क में आने वाला कोई भी इस कहर से अछूता न रह पाया । सब के सब किसी न किसी प्रकार से उसके प्रभाव में आये हुए थे । यूनियन कार्बाइड नामक फैक्ट्री के पास की झुग्गी-बस्ती को सबसे पहले अपना शिकार बनाई, यहाँ काम की तलाश में दूर-दराज गांव से आकर लोग रह रहे थे। इन




झुग्गी-बस्तियों में रह रहे कुछ लोग तो नींद में ही मौत का ग्रास बन गये । जब गैस धीरे-धीरे लोगों को घरों में घुसने लगी, तो लोग घबराकर बाहर आए, लेकिन यहां तो हालात और भी ज्यादा खराब थे। किसी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया, तो कोई हांफते-हांफते ही मर गया। इस तरह के हादसे के लिए कोई तैयार नहीं था। जैसे-जैसे रात बीत रही थी, अस्पतालों में भीड़ बढ़ती जा रही थी, लेकिन डॉक्टरों को ये मालूम नहीं था कि हुआ क्या है? और इसका इलाज कैसे करना है? इस गैस त्रासदी को 38 साल हो चुके हैं, आइये जानते है क्या हुआ उस भयंकर काली रात को जिसने हजारों लोगों को पल में मौत का ग्रास बना डाला । भोपाल में 2-3 दिसम्बर 1984 यानी आज से 38 साल पहले दर्दनाक हादसा हुआ था । इतिहास में जिसे भोपाल गैस कांड, भोपाल गैस त्रासदी का नाम दिया गया है।

भोपाल गैस त्रासदी दुनिया की सबसे बड़ी औद्योगिक दुर्घटना मानी जाती है । 2 और 3 दिसंबर 1984 की रात भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड नामक कंपनी के कारखाने से एक जहरीली गैस मिथाइल आइसोसायनाइड का रिसाव हुआ, दरअसल यहां पर प्लांट को ठंडा रखने के लिए मिथाइल आइसोसायनाइड नाम की गैस को पानी के साथ मिलाया जाता था लेकिन उस रात इसके कॉन्बिनेशन में गड़बड़ी हो गई और पानी लीक होकर टैंक में पहुंच गया। इसके बर्फ प्लांट के 610 नंबर टैंक में तापमान के साथ प्रेशर बढ़ गया। इसके बाद गैस रिसाव तेजी से होने लगा। देखते ही देखते हालात बेकाबू हो गए और जहरीले के पूरे भोपाल शहर में फैल गई। यह गैस हवा के साथ मिलकर आसपास के इलाकों में फैल रही थी। इसके बाद भोपाल में लाशों के ढेर लग गए । अस्पतालों पर मरीजों की लंबी लाइन लग गई। जिससे लगभग 15,000 लोगों की जान गई और कई लोग अनेक तरह की शारीरिक अपंगता से लेकर अंधेपन के भी शिकार हुए, जो आज भी त्रासदी की मार झेल रहे हैं । सरकारी आंकड़ों के अनुसार भोपाल गैस त्रासदी में कुल 3787 मौतें हुई थीं। लेकिन गैस कांड के अगले तीन-चार दिन में हुए अंतिम संस्कारों के आंकड़े कुछ और ही कहानी कहते नजर आते हैं। गैस कांड के बाद वन विभाग के डिपो से दाह संस्कारों के लिए इतनी लकडियां गई थीं जिनसे पांच हजार से अधिक अंतिम संस्कार कर दिए जाएं। यह संख्या तो केवल दाह संस्कारों की है, इसके अतिरिक्त अन्य तरीकों से हुए शवों के अंतिम संस्कारों को जोड़ दें तो यह आंकड़ा सरकारी आंकड़ों से दोगुने से कहीं ज्यादा नजर आता है । इस हादसे का मुख्य आरोपी था जो इस कंपनी का सीईओ था, 6 दिसंबर 1984 को एंडरसन को गिरफ्तार भी किया गया लेकिन अगले ही दिन 7 दिसंबर को उन्हें, थोड किया गया, तात्कालिक सरकार के आदेश से उसे सरकारी विमान से दिल्ली भेज दिया गया और वहाँ से वह अमेरिका चला गया इसके बाद एंडरसन कभी भारत लौटकर नहीं आया । इस फाइल को भी किसी रद्दी कागजों की फाइल में किसी कोने में दफना दिया गया होगा । किन्तु आज भी उस हादसे के प्रभाव में आये लोग जो किसी तरह बच गए थे आज भी पथराई आँखों से न्याय का इंतजार कर रहे है, इस प्रकार का हादसा न हो इसका उचित प्रबंध किया जाये एवं गैर जिम्मेदारों पर शिकंजा कसा जाये ।

बेशक यह एक बहुत बड़ा औद्योगिक हादसा था, लेकिन जिस तरह का वायु प्रदूषण और उसके भीषण प्रभाव उसने भोपाल के पर्यावरण पर छोड़ा । यह गैस भोपाल के तालाबों के पानी और वहां की हवा में लंबे समय तक मिली रही और आज 38 साल बाद भी इसका असर दिखाई देता है । उस हादसे में बचे लोगों की सेहत पर ऐसे असर हुए और उन्हें कैंसर और अन्य तरह की ऐसी बीमारियां हुईं जिसकी वजह से उनका इलाज मरते दम तक चला और आज बचे लोगों का इलाज आज भी चल रहा है ।

# मार्शल लॉ की परंपरा वाला पाकिस्तान'

**संजीव**

**1947** में भारत और पाकिस्तान एक साथ अंग्रेजों की दास्ता से स्वतंत्र हुये थे। भारत में लोकतांत्रिक परंपरा को अपनाकर चहुमुखी विकास किया परंतु पाकिस्तान ने हमेशा आतंकवाद का सहारा लेकर नकारात्मक विकास की राह पकड़ी फल स्वरूप 75 साल के स्वतंत्रता के बाद भी पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था फिर गुलामी की ओर बढ़ने लगी है और भारत विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था तथा सामरिक शक्ति बन चुका है। 2023 में दिसंबर 22 से जी-20 की अध्यक्षता भी करेगा जो कि भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण कदम है और यहीं से भारत के वैश्विक नेतृत्व करने की शुरूआत भी हो रही है।

पाकिस्तान हमेशा मर्सला ला के प्रशासन लागू होने की आशंका में डूबा हुआ रहता है। पाकिस्तान के मार्शल लाल लगने के इतिहास में अयूब खान पहले मार्शल ला प्रशासक हुए जिन्होंने 1958 से लेकर 65 तक फील्ड मार्शल पाकिस्तान में शासन किया उसके बाद बख्तियार राणा ने पाकिस्तान के पश्चिमी क्षेत्र का प्रशासन संभाला था। इसी परंपरा में याहया खान 69-71 तक प्रशासक रहे जुल्फिकार अली भुट्टो सिविलियन प्रशासक बने, जुल्फिकार अली भुट्टो पाकिस्तान के चुने हुए प्रधानमंत्री भी रहे पर उनका तख्तापलट कर जनरल जिया उल हक ने 77 से लेकर 88 तक पाकिस्तान में मार्शल ला प्रशासन चलाया उन्होंने जुल्फिकार अली भुट्टो का तख्ता पलट कर उनको फांसी पर लटका भी दिया था. मोहम्मद जिया उल हक सबसे अधिक समय तक पाकिस्तान के मार्शल ला प्रशासक रहे उसके पश्चात परवेज मुशर्रफ 99 से 2002 तक मार्शल ला प्रशासक बने. इमरान खान के प्रशासन काल में पाकिस्तानी सेना के जनरल जावेद कमर बाजवा रहे और यह आशंका बलवती होती रही कि कभी भी मार्शल ला लगाया जा सकता है पर ले देकर इमरान ने अपनी सरकार चलाई और उन्हें भी अपने पद से हटना पड़ा,वहां लोकतांत्रिक तरीके से उनको हटाकर सहबाज शरीफ प्रधानमंत्री बने। अब बाजवा के कार्यकाल बाद तख्तापलट की आशंका से मुक्त होकर पाकिस्तान के आई,एस,आई के पूर्व प्रमुख वरिष्ठ एवं लेफ्टिनेंट जनरल मुनीर को पाकिस्तान का नया सेना प्रमुख बनाया गया है। जनरल मुनीर आई एस आई- और मिलिट्री इंटेलिजेंस के प्रमुख रह चुके हैं उन्हें पुलवामा कांड के मास्टरमाइंड के रूप में जाना जाता है और 8 महीने बाद ही 2019 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान के जोर देने पर पद से हटाकर लेफ्टिनेंट जनरल फेज हामिद उनके के स्थान पर आईएसआई प्रमुख बनाया गया था। अब जनरल कमर बाजवा के सेवानिवृत्त होने पर मुनीर को सेना का प्रमुख बनाया गया है। सहवाग शरीफ सरकार ने इन्हें सेना का प्रमुख बनाकर प्रधानमंत्री इमरान खान से सरकार के विवाद को सुलझाने का प्रयास किया गया है। पाकिस्तान को अस्तित्व में 75 साल हो चुके हैं और देश के आधे से अधिक समय पर सेना का शासन रहा है पाकिस्तान के मामले में यह माना जाता है की सेना का प्रमुख सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं शक्तिशाली पद होता है। मुनीर की नियुक्ति को भारत के डिप्लोमेटिक हलकों में गंभीरता से लिया गया है। जनरल मुनीर को भारत का कट्टर विरोधी माना जाता है एवं भारत में अशांति फैलाने के चलते मुनीर भी काफी हद तक जिम्मेदार रहे हैं। पुलवामा अटैक के मास्टरमाइंड मुनीर भारत के मधुर संबंध नहीं हो सकते पर यदि सहवाग शरीफ सरकार बनी रहती है तो यह देखना दिलचस्प होगा कि भारत के प्रति मुनीर तथा पाकिस्तान सरकार का नजरिया पॉजिटिव होता है या नेगेटिव। हालांकि पाकिस्तान अभी अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है पाकिस्तान की आवाम वहां पर स्वयं मार्शल ला लगवाना चाह रही है वहां महंगाई चरम सीमा पर है। बिजली का बिल सीमा से बाहर जा चुका है, सरकार के पास शासन चलाने के लिए आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। चीन के साथ भी उसके संबंध बहुत मधुर नहीं रह गए हैं। अमेरिका पहले से ही उसकी मदद के लिए इंकार कर चुका है।

इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड ने अब कोई लोन देने से मना भी कर दिया है। ऐसे में सहबाज शरीफ

## बिना कोचिंग के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें

**विजय गर्ग**

**प्रतियोगी** परीक्षाओं की तैयारी के लिए ज्यादातर छात्र कोचिंग क्लास ज्वाइन करना पसंद करते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि कोचिंग सेंटर उन्हें परीक्षाओं के लिए पूरी तरह से तैयार कर देंगे। हालांकि यह कुछ हद तक सही है, कोई भी कोचिंग सेंटर या क्लास आपको किसी भी प्रतियोगी परीक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं कर सकता है, अगर आप खुद मेहनत नहीं करते हैं। कुछ छात्र ऐसे होते हैं जो किसी न किसी कारण से कोचिंग सेंटरों में शामिल नहीं हो पाते हैं। उम्मीदवारों और उम्मीदवारों के बीच यह एक आम सवाल है कि उन्हें कोचिंग सेंटरों में शामिल होना चाहिए या नहीं। ठीक है, यदि आप स्मार्ट-स्टडी विधियों का पालन करते हैं, एक दैनिक समय सारिणी बनाते हैं और उस पर टिके रहते हैं, और लगातार बने रहते हैं, तो आप आसानी से परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त कर सकते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि कोचिंग सेंटर आपको विभिन्न शॉर्टकट ट्रिक्स और तरीके प्रदान करते हैं जो परीक्षा में आपकी मदद कर सकते हैं लेकिन जब तक आप मेहनत करने और मेहनत करने के लिए तैयार नहीं होंगे, तब तक कोई भी कोचिंग सेंटर आपकी मदद नहीं कर पाएगा। अगर आप बिना कोचिंग के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं तो हमारे पास आपके लिए कुछ टिप्स हैं जो तैयारी में आपकी मदद कर सकते हैं: 1. सिलेबस को समझें आगे बढ़ने से पहले, सबसे पहले आपको जो करना है वह पाठ्यक्रम को समझना है। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए क्वालीफाई करना आसान नहीं है।

# खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

**अखंड भारत संदेश**
**सफीपुर उन्नाव ।** दिव्यांग जन खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम ब्लाक मियागंज सफीपुर के तहसील स्तरीय कार्यक्रम की उच्च प्राथमिक विद्यालय अटवा में प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी ओ पी वर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुरूआत खंड शिक्षा अधिकारी सफीपुर ओ पी वर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर कुर्सी दौड़ की शुरूआत की गयी। कुर्सी दौड़ बालक विकास उच्च प्राथमिक विद्यालय अतहा, प्रथम पीयूष उच्च प्राथमिक विद्यालय अटवा, द्वितीय दिव्यांशु प्राथमिक विद्यालय बहाउद्दीन पुर, तृतीय
कुर्सी दौड बालिका नैना उच्च प्राथमिक विद्यालय अटवा प्रथम चांदनी सहजनपुर मियागंज द्वितीय,



50 मीटर सामान्य दौड़ बौद्धिक दिव्यांग बालक और बालिका
पीयूष उच्च प्राथमिक विद्यालय अटवा प्रथम आयुष उच्च प्राथमिक विद्यालय बनौनी मियागंज द्वितीय
दृष्टि बाधित बच्चों के लिए छूकर पहचानो प्रतियोगिता
राखी तिवारी उच्च प्राथमिक विद्यालय देवगांव प्रथम सुजीत खोखापुर द्वितीय
सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार दिया गया
खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।
इस अवसर पर सत्य प्रकाश द्विवेदी उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, राघवेंद्र सिंह अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ सफीपुर, तौसीफ अली खान अध्यक्ष जूनियर शिक्षक संघ, व्यायाम शिक्षक गौरव यादव, आयोजक विद्यालय के प्रधान शिक्षक नरेंद्र मौर्य, आर पी, संजीव गौतम, अभिषेक त्रिपाठी, संजय सिंह चौहान, विशेष शिक्षक महेश तिवारी, अंजनी तिवारी, मीनू तिवारी, विकासखंड सफीपुर से रमेश मौर्या, अयोध्या, आशुतोष श्रीवास्तव, विकासखंड मियागंज से नसीम अहमद, ज्ञान प्रभा पांडेय, खेल अनुदेशक चेतन मिश्रा, आशुतोष बाजपाई, सत्येंद्र, अनिल कुमार कला अनुदेशक, आराधना कुशवाहा, रामजी पांडेय, कृष्ण कुमार साहू आदि शिक्षक व बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

# संत निरंकारी मिशन के तहत आयोजित किया गया, सत्संग कार्यक्रम

**सफीपुर उन्नाव ।** संत निरंकारी मिशन के तहत आयोजित किया गया निरंकारी सत्संग कार्यक्रम, सफीपुर परी क्षेत्र के सफिया पुर ग्राम सभा के ककरौरा गांव में संत निरंकारी मंडल के तहत, आयोजक रामसनेही पाल के द्वारा निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें, संत निरंकारी मंडल के जिला प्रभारी गुरुदेव हरि शरण मिश्रा का कार्यक्रम में आगमन हुआ, कार्यक्रम में उपस्थित सभी सेवा दलों ने अपने-अपने विचार और भजनों के माध्यम से,, निराकार प्रभु के बारे में लोगों, को जानकारी दी, गुरुदेव हरि शरण



मिश्रा ने कहा कि प्रभु निराकार है, कण-कण में पत्ते पत्ते में प्रभु समाया हुआ है,,। बड़े भाग्य मानुष तन पावा सुर दुर्लभ सब ग्रंथन गावा,, उन्होंने कहा है कि हमें मानव जीवन बड़े ही भाग्य से प्राप्त होता है, हम सभी अपने जीवन को व्यर्थ ना कर के लोगों की भलाई, वह समाज में सत्कर्म का काम करें जिससे कि परमपिता परमेश्वर को आप पर गर्व हो,, आयोजक कर्ता रामसनेही पाल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष संत निरंकारी मिशन के तहत ग्राम ककरौरा में एक समागम का आयोजन किया जाता है जिसमें दूर-दूर से संत महात्मा पधारते हैं, और सभी को संबोधित करके जीवन के सत्य मार्ग को दिखाने का प्रयास करते हैं, कार्यक्रम के संपन्न होने के बाद प्रसाद का भी वितरण किया गया, इस कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान रणजीत सिंह उर्फ ग्वालियर रामसनेही पाल, प्रमोद पाल, रामस्वरूप पाल ,गौरव पाल, अंशु पाल, के अलावा लगभग 2 शैकडा लोग उपस्थित रहे।

# डीएम ने पब्लिक प्रापर्टी को क्षति पहुंचा रहे दो ट्रकों पर की कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** ग्राम पंचायत बरगढ की चैपाल में हिस्सा लेने जा रहे जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने खोह में दो ट्रकों के बालू से लोड खडे रहने पर एसडीएम कर्वी को बुलाकर ट्रकों पर रिपोर्ट दर्ज कर खनिज अधिकारी से कार्यवाही के निर्देश दिये।

शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ग्राम पंचायत बरगढ की चैपाल में शामिल होने जा रहे थे। खोह गांव



के पास दो ट्रक यूपी 96टी-2837 व यूपी एफटी- 7598 बालू से लोड खडे थे। सडक पर पानी से धुलाई कर रहे थे। धुलाई से सार्वजनिक सम्पत्ति को क्षति पहुंच रही थी। ट्रकों का रवन्ना भी ओवरडेट हो गया था।

जिलाधिकारी ने तत्काल एसडीएम सदर राजबहादुर को निर्देश दिये कि तुरन्त दोनों ट्रकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाये। उन्होंने खनिज अधिकारी से ट्रकों के खिलाफ उचित कार्यवाही के निर्देश दिये।

# अयोध्या रेलवे स्टेशन में बनेगा देश का सबसे बड़ा एयर कानकोर्स : लल्लू सिंह

**अयोध्या। सांसद लल्लू सिंह के** प्रयासों की बदौलत अयोध्या रेलवे स्टेशन देश के सबसे अच्छे रेलवे स्टेशन में परिवर्तित होने की ओर अग्रसर है। रेलवे स्टेशन निर्माण के प्रथम फेज के लिए आवंटित धन में वृद्धि की गयी है। पहले यह 100 करोड़ उसके बाद 131 करोड़ अब इसे बढ़ाकर 240 करोड़ कर दिया गया है। द्वितीय फेज के लिए 350 करोड़ की स्वीकृति हेतु रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव भेजा गया है। जिसे जल्द स्वीकृति मिल जायेगी। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि अयोध्या रेलवे स्टेशन में देश का सबसे बड़ा एयर कानकोर्स बनेगा। यह प्लेटफार्म 1 से 5 तक को जोड़ेगा। इसके उपर कवर्ड रुफ बनेगा। यह एयरकानकोर्स 128 ग 63 मीटर का होगा। इसके साथ में 12 एक्सीलेटर व 6 लिफ्ट लगायी जायेगी। अभी प्लेटफार्म 1, 2 व 3 का निर्माण हो गया है। इसे 5 व 6 तक बढ़ाया जायेगा। अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन के विकास हेतु 360 करोड़ का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया है। रामघाट हाल्ट पर यात्री सुविधओं का विकास किया जा रहा है। बाराबंकी अयोध्या अम्बेडकरनगर रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण पर युद्ध स्तर पर काम किया जा रहा है। जिसमें 31 दिसम्बर 2023 तक निर्धारित समय में पूरा कर लिया जायेगा। उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मागदर्शन में व रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव के नेतृत्व में अयोध्या आने वाले यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधा मुहैया करने के लिए भारतीय रेलवे ने योजनाओं पर युद्ध स्तर पर कार्य करना प्रारम्भ कर दिया है। रामनगरी अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को वैश्विक मानकों के अनुसार सुविधाएं देने के लिए हम कटिबद्ध है। रेलवे विभाग में एक बड़ा रोल निभा रहा है। अयोध्या रेलवे स्टेशन पर उतरते ही तीर्थयात्रियों को यहां की प्रथम विकसित छवि का दर्शन होगा। अयोध्या को रेलवे के माध्यम से विश्वस्तरीय सुविधा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को अयोध्या के संतो व कोटि कोटि रामभक्तों की ओर से धन्यवाद।

## डग्गामार जीप व बाइक की भिडन्त में दो युवकों की मौत

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** डग्गामार जीप और बाइक की आमने-सामने भिडन्त होने से दो युवकों की मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

ये हादसा शुक्रवार को देर शाम पहाडी थाना क्षेत्र के बक्टा पेट्रोल पम्प के पास हुआ। बताया गया कि कोतवाली कर्वी क्षेत्र के लोढवारा गांव के राजकुमार (20) पुत्र मुन्नीलाल व बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के चर गांव का शिवकरन (24) पुत्र कृष्णा बहन के यहां नोनार गांव मोटरबाइक से जा रहे थे। सामने से कमांडर जीप ने सीधे बाइक सवारों को ठोकर मार दी।

ठोकर लगने की सूचना पर पहाडी थाने के दरोगा अवधनारायण पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। गम्भीर रुप से घायल दोनों युवकों को सीएचसी पहाडी में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।
फोटो-

## रुपये-जेवर से भरा पर्स पाकर महिला के चेहरे पर लौटी मुस्कान

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर चैकी सीतापुर पुलिस टीम ने रास्ते में गिरे पर्स जिसमें मोबाइल फोन, नकदी व ज्वेलरी को सकुशल पर्स धारक महिला के सुपुर्द किया। पर्स पाकर महिला के चेहरे पर खुशी लौट आई।



शुक्रवार को आपरेशन मुस्कान के तहत सीतापुर पुलिस चैकी के दरोगा शौकत खां की अगुवाई में पुलिस टीम को रास्ते में लावारिश पर्स मिला। पर्स में मोबाइल फोन, नकदी व ज्वेलरी थी। पुलिस टीम ने पर्सधारक महिला मनोरमा शुक्ला पत्नी राजीव शुक्ला ग्राम पडरी पूरे थाना गौरीगंज जिला अमेठी को सौंप दिया। इसके पहले पुलिस ने महिला से पर्स में रखे सामान का ब्यौरा पूंछा। महिला ने बताया कि वीवो मोबाइल फोन, ढाई हजार रुपये और एक सोने की अंगूठी और चांदी का सिक्का तथा कुछ जरुरी कागज पर्स में हैं।

इस बात से संतुष्ट होकर पुलिस ने मनोरमा शुक्ला को पर्स सौंप दिया। पर्स पाकर मनोरमा शुक्ला के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। उसने पुलिस के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। पुलिस टीम में दरोगा शौकत खां, दरोगा मुन्नीलाल, सिपाही अनुज यादव, शुभम शर्मा, अभिषेक व महिला सिपाही राखी शामिल रहीं।

## होम्योपैथी इकाई के पदाधिकारी चयनित



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी कार्यालय में प्रान्तीय होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा संघ की जिला इकाई के चुनाव निर्विरोध हुए।

शुक्रवार को चुनाव अधिकारी/पर्यवेक्षक प्रान्तीय होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा संघ की सदस्य डॉ इलारत्ना हमीरपुर की मौजूदगी में निष्पक्ष चुनाव हुए। चुनाव में डॉ प्रभु सिंह अध्यक्ष, डॉ प्रीती झां उपाध्यक्ष, डॉ शैलेन्द्र सिंह सचिव पद पर आम सहमति से चुने गये। इस मौके पर खास तौर पर जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ दिलीप सिंह, डॉ सुरेश कुमार, डॉ मुकेश पाण्डेय, डॉ राजीव सिंह, डॉ कुशमेन्द्र सिंह, डॉ करिश्मा श्रीवास्तव, डॉ मलय सोमवंशी, डॉ सौम्या शुक्ला, डॉ शशि केशरवानी आदि ने पदाधिकारियों के चयन पर खुशी जताई।

# मांगें पूरी न होने तक जारी रहेगी हड़ताल

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबंधन के स्वेच्छाचारी रवैये के विरोध में न्यायोचित मांगों के समाधान को लेकर धुस मैदान परिसर में कार्य बहिष्कार चैथे दिन भी जारी रखा। कहा कि मांगें पूरी न होने तक समिति का केन्द्रीय नेतृत्व की अगुवाई में कार्य बहिष्कार जारी रहेगा।

शुक्रवार को धुस मैदान स्थित विद्युत कार्यालय में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के घटक दलों के बैनर तले सभा की अध्यक्षता करते हुए उपखण्ड अधिकारी इं शिवम गुप्ता ने कहा कि ऊर्जा निगमों में शीर्ष ऊर्जा प्रबंधन की स्वेच्छाचारिता सेवा नियमों व श्रम कानूनों तथा मानवाधिकारों का उल्लंघन बडे पैमाने पर किया जा रहा है।
मनमानी ढंग से कर्मचारियों का उत्पीडन हो रहा है। सहायक अभियंता इं रमाशंकर गुप्ता ने कहा कि विभाग के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को कैसलेस इलाज की सुविधा दी जाये। उपखण्ड अधिकारी इं आशीष सिंह ने कहा कि विभाग में ईआरपी में बडे पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। जांचकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की



जाये। अवर अभियंता इं अनुपम कुमार ने कहा कि सेवा के बाद पदोन्नति वेतनमान देकर पुरानी पेंशन लागू की जाये। शिवप्रकाश अवस्थी ने कहा कि प्रबंधन के जारी विद्युत वर्कशाप के निजीकरण का आदेश वापस लिया जाये।

सहायक अभियंता इं श्रीनिवास महाकुंड ने कहा कि आउट सोर्सिंग से परिचालन एवं अनुशरण के आदेश निरस्त किये जायें। सचालन करते हुए कर्मचारी नेता उमतलाल ने कहा कि संविदा कर्मियों को तेलंगाना की भांति नियमित किया जाये। कर्मचारी नेता लक्ष्मीनारायण पाल ने कहा कि केरल व हिमांचल की भांति सभी ऊर्जा निगमों का एकीकरण किया जाये। कर्मचारियों की जायज मांगों को स्वीकार न कर कुठाराघात किया जा रहा है। चेताया कि संयुक्त संघर्ष समिति के केन्द्रीय नेतृत्व की अगुवाई में मांगें पूरी न होने तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। इस मौके पर इं आरएस वर्मा, इं रामचन्द्र, इं दुर्गेश कुमार सिंह, इं हमेन्द्र जाटव, इं राहुल सिंह, इं अनिल सिंह, इं विमलेश कुमार, इं आशीष सिंह, इं जितेन्द्र पटेल, इं प्रदीप गुप्ता, इं महेश कुमार, इं शैलेश प्रजापति, दिलीप शर्मा, रामआसरे, लक्ष्मीनारायण पाल, शिवसागर सिंह, विवेक कुमार, जुनैद हसन, सुशीलचन्द्र जोशी, हनीफ सौदागर, मजहर हसन, कमल कुमार, रामचन्द्र, दीनदयाल समेत तीन सौ कर्मचारी धरना प्रदर्शन में मौजूद रहे।

# पूर्व सांसद के गनर की संदिग्ध दशा में गोली लगने से मौत

## घटना की बारीकी से हो रही जांच: एएसपी

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मिजार्पुर के पूर्व सांसद बालकुमार पटेल की सुरक्षा में तैनात गनर योगेश मिश्रा की संदिग्ध दशा में गोली लगने से मौत हो गई। उनके छोटे भाई ने बताया कि ड्यूटी से लौटने के बाद देर रात कारबाइन साफ करते समय गोली चल गई। सीने में गोली लगने से उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा कि मामले की बारीकी से जांच की जा रही है।

ये हादसा देर रात कोतवाली कर्वी के बलदाऊगंज मोहल्ले में हुआ। बताया गया कि मिजार्पुर के पूर्व सांसद बालकुमार पटेल का रानीपुर भट्ट में आवास है। मूल रुप से छेछरिहाखुर्द के निवासी योगेश मिश्र वर्तमान में बालकुमार की सुरक्षा में तैनात थे। वह सेना से सेवा निवृत्त होने के बाद सिविल पुलिस में भर्ती हुए थे। मिजार्पुर में मूल रुप से उनकी तैनाती थी। गुरुवार देर रात संदिग्ध दशा में कारबाइन से गोली लगने पर उनके बलदाऊगंज स्थित



आवास में मृत्यु हो गई।

मृतक के छोटे भाई देवेन्द्र ने बताया कि पांच-छह माह पहले उनके भाई की पूर्व सांसद बालकुमार पटेल के गनर के रुप में तैनाती हुई थी। वह गुरुवार देर रात ड्यूटी से लौटे थे। अपनी पत्नी से चाय बनाने को कहा और कारबाइन साफ करने लगे। इसी बीच कारबाइन से चली गोली योगेश के सीने में लगी और वह लहूलुहान हो गये।

देवेन्द्र ने बताया कि आवाज सुनकर दौडकर देखा तो भइया लहूलुहान पडे थे। उन्होंने भाभी से कहा कि अस्पताल ले चलो। अस्पताल ले जाने से पहले उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल जांच पडताल जारी है। घटना को लेकर तरह-तरह की बातों का बाजार गर्म है। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा कि घटना की बारीकी से जांच की जा रही है। सही तथ्य जैसे ही मिलेंगे उसी अनुरुप कार्यवाही की जायेगी।

# डीएम का शीतकालीन दौरा: किसी भी कार्य में बर्दास्त नहीं होगी लापरवाही

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बरगढ में चैथे आंगनबाडी केन्द्र का लोकार्पण एक छोटे बच्चे के हाथ से कराकर आशा कार्यकत्री से बच्चों के यंत्रों के बारे में पूंछा कि व्यवस्था है या नहीं। उन्होंने बच्चे का वजन भी कराकर देखा। मेन्यू के हिसाब से पुष्टाहार देने की जानकारी ली। आशा कार्यकत्री से गर्भवती महिला के बारे में हालचाल जाना।

शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बरगढ इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण कर कक्षाध्यापक से पंजीयन के सापेक्ष बच्चों की कम हाजिरी की जानकारी ली। डीएम व सीडीओ ने स्कूल के टायलेट को चेककर



प्रधान को निर्देश दिये कि साफ-सफाई कराते रहें। विद्यालय के पास बने ग्राम सचिवालय में पुस्तकालय का फीता काटकर शुभारम्भ कर किताबें और बढाने को कहा। उन्होंने जनसेवा केन्द्र, प्रधान कक्ष व कम्प्यूटर कार्य का निरीक्षण कर विनोवानगर से अशोक रैदास के घर तक बन रही सडक का निरीक्षण किया। मजदूरों के जाबकार्ड व मजदूरी के बारे में जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने शीतकालीन जनचैपाल बरगढ में विभिन्न विभागों के लगे काउंटरों का निरीक्षण किया। उन्होंने संजय, साहबान, रामजी का अन्नप्रासन, हेमा व प्रियंका की गोदभराई कर पोषाहार बांटा। जनचैपाल में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर ग्रामीण जनता से वातार्लाप किया। कोटेदारों से गांव के बारे में पूंछा। जिलाधिकारी ने सख्त हिदायत देते हुए प्रधान व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से कहा कि गांव में फागिंग अच्छे से करायें। शासन की योजनाओं का लाभ सभी पात्रों को दिलायें। अन्ना पशुओं की समस्या को दूर करायें। शासन की मंशानुसार गुणवत्ता परक कार्य करायें। किसी भी कार्य में लापरवाही बर्दास्त नहीं होगी। जन चैपाल में सीडीओ अमृतपाल कौर, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, एसडीएम मऊ नवदीप शुक्ला, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय, डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी, जिला कार्यकम अधिकारी मनोज कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम, बीएसए लवप्रकाश यादव, डीएसओ बीके महान, समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला दिव्यांग अधिकारी प्रतिभा पाल, बीडीओ श्रवण गुप्ता, प्रधान शैलेश शुक्ला, ग्राम पंचायत अधिकारी श्रीकान्त, लेखपाल कमल किशोर आदि व ग्रामीण मौजूद रहे।

# चीन में प्रदर्शन : सेंसरशिप से बचने के लिए इंटरनेट उपयोगकर्ता खेल रहे चूहे-बिल्ली का खेल

**बीजिंग।** चीन की आर्थिक राजधानी शंघाई में कोविड-19 सबंधी प्रतिबंधों को हटाने और आजादी की मांग करते सैकड़ों लोगों के प्रदर्शनके वीडियो 'वीचैट' पर रात को सामने आए, लेकिन सेंसर किए जाने से पहले महज कुछ ही मिनट तक इस सोशल मीडिया मंच पर ये रह सके। बीजिंग के रहने वाले 26 वर्षीय एलियट वांग (सरकार की कार्रवाई से बचने के लिए अंग्रेजी नाम ही बताया) इससे स्तब्ध हैं। उन्होंने कहा, ''मैं इन वीडियो के सेंसर होने से पहले लगातार रिफ्रेश करता रहा और इन वीडियो को सेव करता रहा, स्क्रीन शॉट लेता रहा।''

उन्होंने कहा, ''मेरे बहुत सारे दोस्त शंघाई के प्रदर्शनों का वीडियो साझा कर रहे हैं। मैंने भी इन्हें साझा किया है, लेकिन उन्हें जल्द ही प्रशासन द्वारा हटा दिया जा रहा है।'' वांग चीन के उन लाखों इंटरनेट उपयोगकर्ताओं में से हैं, जो सेंसरशिप को धता बताने के लिए प्रशासन के साथ



चूहे-बिल्ली का खेल रहे हैं। चीनी अधिकारियों ने देश में इंटरनेट को कड़े नियंत्रण में रखा है और लगभग सभी विदेशी समाचार और सोशल मीडिया मंच की पहुंच रोकने के लिए जटिल बहुस्तरीय सेंसरशिप ऑपरेशन को अंजाम देते हैं। चीन में राजनीतिक रूप से संवेदनशील शब्दों या चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की आलोचना वाले शब्दों को इंटरनेट पर प्रतिबंधित विषयों में शामिल किया गया है। इसलिए प्रदर्शन के जारी हो रहे वीडियो को तत्काल हटा दिया जा रहा है। प्रशासन की सख्ती के बावजूद प्रदर्शन की तस्वीरें 'वीचैट' पर प्रसारित हो रही हैं, जो चीनी सोशल नेटवर्किंग साइट है और इसके एक अरब उपयोगकर्ता हैं। ये प्रदर्शन पश्चिमोत्तर शहर उरुम्की में 24 नवंबर को प्राणघातक अग्निकांड के बाद शुरू हुए। कई लोगों का मानना है कि लॉकडाउन की वजह से लोग बाहर नहीं निकल पाए। हालांकि, सरकार ने इससे इनकार किया है। जॉर्जिया विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मामलों के विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर हान रोंगबिन के मुताबिक, नाखुश चीनी उपयोगकर्ताओं ने अपनी हाताशा का प्रदर्शन करने के लिए इंटरनेट का सहारा लिया और एकजुट होकर सेंसर को तोड़ने की कोशिश की, जो कुछ समय के लिए सफल रही। सेंसर की वजह से आग संबंधी पोस्ट को हटा दिया जा रहा है, ऐसे में चीन उपयोगकर्ता हास्य और रूपकों का इस्तेमाल आलोचनात्मक संदेश प्रचारित करने के लिए कर रहे हैं।

# बिलावल भुट्टो का बड़ा बयान, 1971 में भारत से मिली हार पाकिस्तानी सेना की विफलता

**कराची।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा है कि 1971 में पूर्वी पाकिस्तान को लेकर हुई लड़ाई में भारतीय सेना से मिली शर्मनाक हार पाकिस्तानी सेना की बड़ी विफलता थी। उन्होंने यह टिप्पणी पाकिस्तानी सेना के पूर्व प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा पर निशाना साधते हुए की जिन्होंने भारत से मिली हार को पाकिस्तान की ''राजनीतिक विफलता'' करार दिया था। बिलावल ने यह टिप्पणी अपनी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के 55वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में निश्तार पार्क में आयोजित एक रैली में की। पीपीपी के अध्यक्ष ने इस अवसर पर अपनी पार्टी के इतिहास की चर्चा की और इसके संस्थापक एवं अपने नाना जुल्फिकार अली भुट्टो की ''उपलब्धियों'' को याद किया। डॉन अखबार ने उनके हवाले से कहा, ''जब जुल्फिकार अली भुट्टो ने सत्ता संभाली, उस समय लोगों की उम्मीदें टूटी हुई



थीं और वे हर तरह से निराश थे।'' बिलावल ने कहा, ''लेकिन उन्होंने (जुल्फिकार) राष्ट्र का पुनर्निर्माण किया और अंततः हमारे 90,000 सैनिकों को वापस लेकर आए जिन्हें सैन्य विफलता के कारण युद्धबंदी (भारत द्वारा) बना लिया गया था। उन 90,000 सैनिकों को उनके परिवारों से मिलाया गया। और यह सब उम्मीद की... एकता की... और समावेश की राजनीति के कारण संभव हुआ।'' बाजवा ने 29 नवंबर को अपनी सेवानिवृत्ति से पहले कहा था कि पूर्वी पाकिस्तान को लेकर भारत से हुई लड़ाई में इस्लामाबाद को मिली हार राजनीतिक विफलता थी और पाकिस्तानी सैनिकों के बलिदान को कभी ठीक से मान्यता नहीं दी गई। उन्होंने कहा था कि 1971 के युद्ध में आत्मसमर्पण करने वाले सैनिकों की संख्या 92,000 नहीं थी और केवल 34,000 लड़ाके थे, जबकि अन्य लोग विभिन्न सरकारी विभागों से थे। पिछले सप्ताह रावलपिंडी में सेना मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में बाजवा ने कहा था, ÷मैं रिकॉर्ड को सही करना चाहता हूं। सबसे पहले, पूर्वी पाकिस्तान का पतन सैन्य विफलता नहीं, बल्कि एक राजनीतिक विफलता थी। लड़ने वाले सैनिकों की संख्या 92,000 नहीं थी, बल्कि केवल 34,000 थी, बाकी लोग विभिन्न सरकारी विभागों से थे।'' जनरल बाजवा (61) गत 29 नवंबर को सेवानिवृत्त हो गए। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान द्वारा 2019 में उन्हें तीन साल का सेवा विस्तार दिया गया था। वर्तमान में खान पाकिस्तानी सेना के सबसे बड़े आलोचक हैं। भारत ने 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में पाकिस्तान को बुरी तरह हराकर इसके 90,000 से अधिक सैनिकों को बंदी बना लिया था और इस लड़ाई के बाद दुनिया के नक्शे पर बांग्लादेश के रूप में एक नया देश अस्तित्व में आया था।

# भारत को नाटो में शामिल करने की कोशिश में अमेरिका, रूस के विदेश मंत्री का बड़ा दावा

**वाशिंगटन।** क्या अमेरिका भारत को दक्षिण अटलांटिक संधि संगठन में शामिल कराना चाहता है? भारत सरकार ने इसे बारे में अभी कुछ नहीं कहा है, लेकिन रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने यह दावा कर चौंका दिया है। लावरोव ने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह भारत को नाटो में शामिल करना चाहता है और चीन को लेकर तनाव बढ़ाना चाहता है, लेकिन उसका मुख्य निशाना रूस है। असल में वह रूस के लिए खतरा पैदा करना चाहता है।

लावरोव ने मॉस्को में मीडिया से चर्चा में कहा कि चीन सागर अब तनाव वाला नया क्षेत्र बनकर उभर रहा है। इसके पीछे नाटो है। नाटो ने यूक्रेन में भी यही किया था। रूस के विदेश मंत्री ने आरोप लगाया कि नाटो देश मिल कर भारत को रूस और चीन के खिलाफ गुटबाजी में शामिल करना चाहते हैं। नाटो दक्षिण चीन सागर में तनाव बढ़ाने में लगा है, ताकि रूस की घेराबंदी व मुश्किलें बढ़ सकें। लावरोव ने यह भी कहा कि चीन उकसावे की इन हरकतों को गंभीरता से लेता है। उनका कहना था कि दक्षिण चीन सागर की तरह ही ताइवान में भी नाटो आग से खेल रहा है। यह रूस के लिए भी खतरा बन सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका व नाटो से तनाव बढ़ने के कारण ही रूस ने चीन के साथ सैन्य सहयोग तेज किया है। रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने कहा कि अमेरिका के नेतृत्व में नाटो यूरोप में विस्फोटक हालात पैदा कर रहे हैं। उन्होंने अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के बीच नए गठजोड़ ऑस्ट्रेलिया–यूके–यूएस AUKUS का जिक्र कर कहा कि नाटो भारत को भी रूसी-विरोधी और चीन विरोधी गुट में घसीटने की कोशिश कर रहा है। यूक्रेन जंग के कारण अमेरिका व पश्चिमी देशों द्वारा रूस के तेल निर्यात पर प्रस्तावित प्राइस कैप का भी लावरोव ने विरोध किया। उन्होंने कहा कि हमें इसका कोई डर नहीं है। इस बारे में हम भारत और चीन जैसे सहयोगियों से बात करेंगे।

## अफ्रीका महाद्वीप को मिलेगी एमपॉक्स टीकों का पहली खेप

**अफ्रीका।** अफ्रीका के शीर्ष स्वास्थ्य निकाय का कहना है कि इस महाद्वीप को दक्षिण कोरिया से दान के तौर पर एमपॉक्स टीकों की पहली खेप मिलने वाली है। अफ्रीका सेंटर्स फोर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशंस ने कहा कि 50,000 खुराकों का उपयोग पहले



स्वास्थ्यकर्मियों तथा सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में रह रहे लोगों के लिए किया जाएगा। वैसे इन खुराकों के पहुंचने का कोई समय नहीं बताया गया है।

इस महाद्वीप में इस साल एमपॉक्स से 202 लोगों की जान गयी है। तेरह देशों में इस बीमारी के रोगियों मृत्युदर 19.3 प्रतिशत है। एमपॉक्स पहले मंकीपॉक्स के नाम से जाना जाता था। सीडीसी के कार्यकारी निदेशक ओगवेल ने कहा कि पिछले सप्ताह कांगो में एमपॉक्स के 51 नये मामले सामने आये जबकि घाना और नाइजीरिया अन्य सबसे प्रभावित देश हैं।

## हैती में गिरोहों के बीच वर्चस्व की लड़ाई में 12 व्यक्तियों की मौत

**हैती।** हैती की राजधानी के निकट गिरोहों के बीच वर्चस्व की लड़ाई में 12 से अधिक व्यक्तियों की मौत हो गयी जबकि एक दर्जन से अधिक घरों को आग लगा दी गयी। शहर के महापौर ने इसकी जानकारी दी। महापौर जोसेफ जेनसन गुइलोम ने बताया कि यह




घटना मंगलवार आधी रात के आसपास पोर्ट ऑ प्रिंस के उत्तरपश्चिम स्थित एक छोटे शहर काबारेट में हुयी।उन्होंने बताया कि पूरे हैती में हिंसा में वृद्धि के मद्देनजर नगर के एक इलाके में स्थानीय लोगों को सुरक्षा गार्ड के रूप में सेवा देने के लिए तैनात किया था, लेकिन गिरोहों ने मशीनगन के बल पर उन्हें अपने नियंत्रण में ले लिया। गुइलोम ने बताया, ''वे लोग अपने बचाव के लिये कुछ भी नहीं कर पाये। यह एक भयावह घटना है।'' सोशल मीडिया पर जारी तस्वीरों एवं वीडियो में घरों के बाहर लोगों के क्षत विक्षत शव पड़े दिखे जबकि घरों में आग लगी हुयी थी। इसके अनुसार घटना में 20 से अधिक घर जलकर खाक हो गये।

## नये साल में महंगे हो जाएंगे मारुति सुजुकी के वाहन

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की कारें नए साल में महंगी हो जाएंगी। कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि वह जनवरी महीने से अपने विभिन्न मॉडलों के दाम में इजाफा करने जा रही है। शेयर बाजार को दी जानकारी में एमएसआई ने बताया कि कुल मुद्रास्फीति और हालिया नियामकीय जरूरतों के बीच कंपनी पर लागत दबाव बढ़ा है। कंपनी के मुताबिक जनवरी, 2023 से वाहनों की कीमतें बढ़ाने की योजना है, जो मारुति के सभी मॉडलों पर अलग-अलग होगी।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मिले बेयर ग्रिल्स:बोले- अपने नए शो में लोग जंग से कैसे उभर रहे हैं, ये दिखाना चाहता हूं

**कीव।** एडवेंचर शो 'मैन वर्सेस वाइल्ड' से दुनिया में पहचाने बनाने वाले होस्ट बेयर ग्रिल्स यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे। यहां उन्होंने राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की। ग्रिल्स अपने नए शो 'बट गॉट सो मच मोर' की शूटिंग के लिए एक हफ्ते कीव में रहने वाले हैं। बेयर ग्रिल्स अपने नए शो में जंग के बीच यूक्रेन के हालात, वहां रह रहे नागरिकों और जेलेंस्की की सर्वाइवल स्किल्स दिखाना चाहते हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर जेलेंस्की के साथ कुछ फोटो शेयर किए हैं। इसके साथ एक नोट भी लिखा है।

**लोगों की सर्वाइवल स्किल्स दिखाना चाहता हूं : ग्रिल्स**

ग्रिल्स ने एक पोस्ट में लिखा- इस हफ्ते मुझे यूक्रेन की राजधानी कीव की यात्रा करने और राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ समय बिताने का सौभाग्य मिला। यह मेरे लिए खास पल है। यूक्रेन में



ठंड आ चुकी है। बर्फबारी हो रही है। टेम्प्रेचर माइनस में पहुंच गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर तबाह हो चुका है। लोगों के सामने कई परेशानियां हैं। जेलेंस्की हमेशा अपने नागरिकों की मदद के लिए खड़े हैं। इस शो के जरिए लोग जेलेंस्की का वो चेहरा देखेंगे जो उन्होंने कभी नहीं देखा होगा। मैं दिखाना चाहता हूं कि यूक्रेन के लोग कैसे जंग से उभर रहे हैं। यूक्रेन की जनता के इरादे भी अपनी सेना की तरह कई शहरों में न तो पानी है और न हीं बिजली। लोगों का कहना है कि पुतिन को ये ऐहसास होना चाहिए कि उन्होंने हमला कर मूर्खतापूर्ण काम किया। एक शख्स ने कहा- हर कोई कहता है कि यह यूक्रेन के इतिहास में सबसे कठिन सर्दी होगी, लेकिन हम तैयार हैं। हम बगैर पानी-बिजली, फोन, मोबाइल, इंटरनेट के बगैर तो रह लेंगे, लेकिन उस गुलामी में जी पाना असंभव है जिसमें रूस हम सभी को घसीटने की कोशिश कर रहा है। वे चाहते हैं कि ठंड से हमारे हौसले पस्त पड़ जाएं और राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रूस से बातचीत के लिए मजबूर हो जाएं। मुझ जैसे तमाम यूक्रेनी नागरिकों को यह मंजूर नहीं।

# अमेरिका ने मिसाइल कार्यक्रम को लेकर उत्तर कोरिया पर लगाए नए प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने उत्तर कोरिया में सत्तारूढ़ दल की केंद्रीय समिति के तीन सदस्यों पर देश के बैलेस्टिक मिसाइल कार्यक्रम में शामिल रहने के आरोप में प्रतिबंध लगाए हैं।

अमेरिकी वित्त विभाग ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। अमेरिकी वित्त विभाग ने कहा है कि इसने वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया के निदेशक तथा उप निदेशक क्रमशः जॉन इल हो तथा यू जिन को प्रतिबंधित कर दिया है, इसके अलावा केंद्रीय समिति के एक अन्य सदस्य किम सू गिल पर भी प्रतिबंध लगाया है।वित्त विभाग ने कहा कि उनके बैंक खातों और अन्य आर्थिक संपत्तियों को फ्रीज कर दिया गया है तथा उनके साथ किसी प्रकार



का लेन देन अथवा व्यवसाय करने से अमेरिकियों को प्रतिबंधित कर दिया गया है। दक्षिण कोरिया ने इस साल बैलेस्टिक मिसाइल कार्यक्रम की गति बढाते हुये 60 से अधिक परीक्षण किये हैं, जिसके बाद अमेरिका और दक्षिण कोरिया पर दबाव बढ़ गया है।वित्त विभाग ने एक बयान जारी कर कहा कि संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का उल्लंघन करते हुये उत्तर कोरिया के हथियारों को विकसित करने में तीन अधिकारियों ने ''महत्वपूर्ण भूमिका निभाई'' और 2017 के बाद बड़ी संख्या में बैलेस्टिक मिसाइलों के परीक्षण में व्यक्तिगत रूप से शामिल रहे। इन तीनों को इससे पहले यूरोपीय संघ ने भी दंडित किया था तथा उत्तर कोरिया की सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ पूर्व में लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों के दायरे में भी इन तीनों को शामिल किया गया था।

## भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य का हकदार: रुचिरा कंबोज

**न्यूयॉर्क।** यूएन में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा है कि भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में स्थायी सदस्य का हकदार है। यह बात उन्होंने यूएन में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कही।

उन्होंने कहा भारत जी-20 और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता सहित विश्व के बड़े देशों की सूची में जगह बना रहा है। भारत विश्व की कठिनाइयों का समाधान लाने के लिए तैयार है और इसके लिए हमेशा तत्पर रहा है। चाहे कोरोना काल हो या कोई भी वैश्विक समस्या भारत कभी दुनिया की मदद करने में पीछे नहीं रहा।

रुचिरा से जब यूएनएससी सुधारों और सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सीट के बारे में पूछा गया, तो कहा कि भारत एक ऐसे देश के रूप में विश्व के बड़े देशों में शुमार हो रहा है जो सबके लिए समाधान लाने को तैयार है। हमारी विदेश नीति का केंद्रीय सिद्धांत मानव-केंद्रित है और वही रहेगा।

कंबोज ने कहा कि भारत यूएनएससी में लंबे समय से लंबित सुधारों के लिए अग्रणी आवाजों में से एक रहा है और इसलिए वह निश्चित रूप से स्थायी सदस्य के रूप में संयुक्त राष्ट्र के उच्चतम स्तर पर एक पद का हकदार है।

# स्पेन में अमेरिकी दूतावास से संदिग्ध लिफाफा मिला

**मैड्रिड ।** स्पेन के मैड्रिड में अमेरिकी दूतावास में एक संदिग्ध लिफाफा मिला है। स्पेनिश अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमेरिकी दूतावास ने 'एसोसिएटेड प्रेस' के इस संबंध में पूछे जाने पर कहा, ''हम पुष्टि कर सकते हैं कि मैड्रिड में अमेरिकी दूतावास में एक संदिग्ध पैकेट प्राप्त हुआ था, और पूरे स्पेन में अन्य स्थानों पर भेजे गए अन्य पैकेट की सूचना से अवगत हैं।'' दूतावास ने कहा, ''हम इस मामले में उनकी सहायता के लिए स्पेनिश कानून प्रवर्तन अधिकारियों के आभारी हैं।''

अधिकारियों ने स्पेन की राजधानी में स्थित दूतावास की सुरक्षा बढ़ाते हुए उसकी घेराबंदी कर दी है। पुलिस का कहना है कि डाक पैकेट में छुपाए गए अन्य विस्फोटक उपकरण पिछले दो दिनों में स्पेन के रक्षा मंत्रालय, स्पेन में एक यूरोपीय संघ के उपग्रह केंद्र और एक हथियार कारखाने में भेजे गए थे। स्पेन के गृह मंत्रालय ने कहा कि पुलिस ने अमेरिकी दूतावास में पाए गए




लिफाफे में विस्फोटक को निष्क्रिय कर दिया। इसमें किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। अधिकारियों ने कहा कि इसी तरह का एक विस्फोटक उपकरण 24 नवंबर को स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज को नियमित डाक द्वारा भेजा गया था, लेकिन बम निरोधक विशेषज्ञों द्वारा इसे निष्क्रिय कर दिया गया।

स्पेन की पुलिस ने राजधानी मैड्रिड के बाहरी इलाके में स्थित वायुसेना के ठिकाने पर भेजे गए एक 'लैटर बम' का बृहस्पतिवार तड़के पता लगाया था। मैड्रिड में रूसी दूतावास ने 'लैटर बम' मिलने के बाद एक ट्वीट में कहा, ''कोई भी खतरा या राजनयिक मिशनों को निशाना बनाकर किया गया कोई भी आतंकवादी हमला, पूरी तरह से निंदनीय है।'' इस बीच यूक्रेन के विदेश मंत्री दमित्रो कुलेबा ने विदेशों में सभी यूक्रेनी दूतावासों में सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिये और उन्होंने स्पेन के अपने समकक्ष से इस घटना की शीघ्र जांच के लिए कहा है। स्पेन की राष्ट्रीय अदालत इस घटना की जांच आतंकवादी कृत्य मानकर कर रही है।

# महाभियोग के खतरे का सामना कर रहे हैं दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामफोसा

**दक्षिण अफ्रीका ।** दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा इस आरोपों को लेकर महाभियोग के खतरे का सामना कर रहे हैं कि उन्होंने अपने फार्म से करोड़ों डॉलर चोरी होने की बात छुपायी जिसे कथित तौर पर फर्नीचर में छुपाया गया था। रामफोसा (70) के खिलाफ 2020 में उनके निजी फार्म से चोरी से जुड़े मामले की जांच की जा रही है। एक स्वत्रंत समिति ने कहा कि उसे इस बात के पर्याप्त सबूत मिले हैं कि हो सकता है कि राष्ट्रपति रामफोसा ने भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की एक धारा का उल्लंघन किया हो और खुद को ''अपनी आधिकारिक जिम्मेदारियों और अपने निजी व्यवसाय के बीच टकराव की स्थिति में डालकर'' गंभीर कदाचार किया हो।।सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश सैंडिले नकोबो के नेतृत्व वाली समिति की रिपोर्ट बुधवार को नेशनल असेंबली के अध्यक्ष को सौंपी गई। इससे रामफोसा के खिलाफ संभावित महाभियोग की कार्रवाई का मार्ग प्रशस्त हो गया। इस साल की शुरुआत में यह घटना तब सुर्खियों



**दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा इस आरोपों को लेकर महाभियोग के खतरे का सामना कर रहे हैं कि उन्होंने अपने फार्म से करोड़ों डॉलर चोरी होने की बात छुपायी जिसे कथित तौर पर फर्नीचर में छुपाया गया था।**

में आयी थी जब चोरों नेकथित रूप से लाखों डॉलर की चोरी कर ली थी। कहा जाता है कि रामफोसा संबंधित अधिकारियों को इस घटना की जानकारी देने में विफल रहे और कई महीनों तक यह नहीं बताया कि धनराशि कहां से आयी। बाद में उन्होंने जांच समिति को बताया कि धनराशि जानवरों की बिक्री से प्राप्त हुई थी।